* ओड़िशा संस्करण

06 अप्रैल, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 165

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सत्ता से उखाड़ फेंकने तक चैन से नहीं बैठेंगे: बाबूलाल



THE PATHSHALA

The PathShala
JEE MAIN / JEE ADVANCED, OLYMPIAD, NTSE

Bio शाला
For NEET/Medical

Every Child Matters ! The PathShala Cares !!

Our Best Result In JEE-Main (Session-I) 2024



Santosh Rawani
Percentile - 99.71
JEE Main



Piyush
Percentile - 99.13
JEE Main



Dhairya Pandey
Percentile - 98.58
JEE Main



Nisha Lakshmi
Percentile - 98.14
JEE Main



Dhairya Singh
Qualified RMO

Total 13 Students above 98 Percentile | Total 63 Students above 95 Percentile | Total 131 Students above 90 Percentile

Our Star Performer In 2022



Samridhi Sahay
Percentile - 99.90
AIR-995
JEE Main
AIR - 1901
JEE Advanced



Class Commencement Dates For New Session

- Class 11th | 06 April (Saturday) 2024
- Class 12th | 09 April (Tuesday) 2024
- Class 8th, 9th, & 10th | 09 April (Tuesday) 2024

Class 12th Pass

- 12th Pass JEE 20 April (Saturday) 2024
- 12th Pass NEET 21 May (Tuesday) 2024

JEE & NEET Part Test Series Stating From 4th March 2024 All 11th Going 12th Students

ADMISSION ANNOUNCEMENT

For New Session 2024-2025

Admission Open for
Jee Main, Jee Advanced, NEET
Foundation, Olympiad, NTSE
VIII, IX, X, XI, XII, & XII Pass

To Register For Scholarship
• Scan QR code and Download APP My Scholarship, ThePathShala
• Register at website scholarship.thepathshala.net

Admission cum Scholarship Test (Every Sunday)

For Student in Class VII, VIII, IX, X, XI | Get Upto 100% Scholarship and Cash Reward Upto ₹ 2 Lakhs

5th Floor, Akash Complex, Doranda, 9771655056 | 408, 4th Floor, Hari Om Tower, Lalpur, 9771654536

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 66,300 रु./10 ग्राम
चांदी 84,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 06 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# क्या सीता सोरेन के प्रहार को झेल पायेंगे नलिन सोरेन

## ■ सीता के पास स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की थाती है, आंखों में आंसू, तो जुबान पर आपबीती है
## ■ सीता सोरेन शिबू सोरेन की विरासत की कड़ी हैं, तो नलिन सोरेन झामुमो के नेता हैं
## ■ सीता की रुदन, गर्जन और सहानुभूति ने झारखंड की उपराजधानी को बना दिया है हॉट सीट

**आजाद सिपाही विशेष**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच झारखंड की उप राजधानी दुमका की सियासी जंग बेहद दिलचस्प और रोमांचक मोड़ पर आ चुकी है। झारखंड के सबसे प्रभावशाली नेता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की कर्मभूमि दुमका इस बार इसलिए हॉट सीट बन गयी है, क्योंकि यहां शिबू सोरेन की बहु और स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन मैदान में उतर चुकी हैं। यहां जंग शिबू की विरासत की कड़ी और झामुमो में होगी। एक तरफ जहां सीता सोरेन भाजपा प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरेंगी तो वहीं, उनके प्रतिद्वंद्वी नलिन सोरेन झामुमो का मोर्चा संभालेंगे। सीता सोरेन के साथ स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की थाती, आंखों में आंसू, तो जुबान पर आपबीती तो होगी ही साथ में शिबू सोरेन की बहु का तमगा भी उनके पास होगा। क्योंकि संथाल सीता सोरेन को शिबू सोरेन की बहु के रूप में ही जनता है। सच्चाई भी यही है। वहीं, झामुमो ने अपने सबसे पुराने नेताओं में से एक और आठ बार के विधायक नलिन सोरेन को मैदान में उतारा है। नलिन सोरेन जहां गुरुजी और हेमंत सोरेन के नाम के सहारे लोकसभा तक पहुंचने की जुगत में हैं, वहीं सीता सोरेन अपनी रुदन, गर्जन और सहानुभूति की नाव पर सवार होकर यह सीट एक बार फिर भाजपा की झोली में डालने के लिए प्रयासरत हैं। सफलता किसे मिलेगी, यह तो 4 जून को ही पता चलेगा, लेकिन दुमका का आम मतदाता सहानुभूति और प्रभाव के भंवर में गोते लगाने लगा है। दुमका की जंग इसलिए भी रोचक हो गयी है, क्योंकि नलिन सोरेन जहां केंद्र की मोदी सरकार को घेरेंगे, वहीं सीता सोरेन अपने पति दुर्गा सोरेन और शिबू सोरेन परिवार की बात करेंगी। वह अपनी आपबीती भी जनता के बीच जगजाहिर कर सकती हैं। मंच सज चुका है और यहां अलग किस्म का मुकाबला होना तय है। इस मुकाबले में किसी के लिए भी बाजी मारना आसान नहीं होगा। नलिन सोरेन के प्रत्याशी बनाये जाने के बाद दुमका के जंग की तसवीर क्या है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड में लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी पूरे उफान पर है। राज्य की 14 संसदीय सीटों में से अब तक महज पांच पर मुकाबले की तस्वीर साफ हुई है और इसमें सबसे रोमांचक मुकाबला उप राजधानी दुमका में होने जा रहा है। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का दुर्ग माना जानेवाला दुमका इस बार ऐसे मुकाबले का गवाह बनेगा, जिसमें एक तरफ गुरुजी की कर्मभूमि और उनके प्रभाव के सहारे नलिन सोरेन होंगे, तो दूसरी तरफ सीता सोरेन, जिनके पास अपने पति दुर्गा सोरेन के नाम की पूंजी है और दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल की ताकत। वास्तव में दुमका संसदीय क्षेत्र में इस बार का चुनाव विरासत की उस लड़ाई का गवाह बनेगा, जिसमें जीत चाहे किसी की भी हो, कब्जा सोरेन परिवार का ही होगा। हालांकि झामुमो ने इस सीट को पारिवारिक प्रतिष्ठा का विषय नहीं बनने दिया है। यही वजह है कि जेल से ही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन या उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लगाते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता नलिन सोरेन को मैदान में उतारा गया है।

### सीता और नलिन के बीच होगी कांटे की टक्कर

अभी शिबू सोरेन या झामुमो के किसी नेता के खिलाफ सीता सोरेन खुलकर नहीं बोल रही हैं। वहीं झामुमो के किसी नेता की ओर से भी सीता सोरेन पर हमला नहीं किया जा रहा है। लेकिन इतना तय है कि इस बार सीता सोरेन और झामुमो के शिकारीपाड़ा से लगातार सात बार विधायक रह चुके नलिन सोरेन के बीच कड़ा मुकाबला होगा। दोनों ने एक-दूसरे के प्रति आदर भी व्यक्त किया है।

### क्या है दोनों की ताकत और कमजोरी

यदि बात इन दोनों प्रत्याशियों की ताकत और कमजोरी की की जाये, तो एक बात साफ है कि सियासी मैदान में नलिन सोरेन अपने प्रतिद्वंद्वी से बहुत सीनियर हैं। वह आठ बार से विधायक हैं और उन्हें आज तक हार का मुंह नहीं देखना पड़ा है। झामुमो ही नहीं, पूरे संथाल परगना में नलिन सोरेन का अपना अलग प्रभाव है। दूसरी तरफ इस चुनाव में उनकी सबसे बड़ी कमजोरी उनकी प्रतिद्वंद्वी ही हैं। पूरे प्रचार अभियान के दौरान नलिन सोरेन कभी भी सीता सोरेन के खिलाफ कुछ नहीं बोल सकेंगे अगर बोलेगें तो सीता भी बोलेगी। नलिन के पास केवल भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना का विषय ही होगा।




उधर सीता सोरेन के पास सबसे ताकतवर हथियार उनके पति दुर्गा सोरेन का नाम है। संथाल परगना में आज भी दुर्गा सोरेन की बहुत प्रतिष्ठा है। यही कारण है कि भाजपा द्वारा सीता सोरेन को उतारे जाने के बाद झामुमो खेमे में एक किस्म की बेचैनी है। सीता सोरेन जहां दुर्गा सोरेन की पत्नी के रूप में दुमका के लोगों की सहानुभूति हासिल कर रही हैं, वहीं वह शिबू सोरेन की बड़ी बहू के रूप में भी खुद को सामने ला रही हैं। उनके साथ एक मनोवैज्ञानिक लाभ यह है कि शिबू सोरेन की राजनीतिक विरासत को आगे ले जाने में वह खुद को बड़ी आसानी से फिट कर सकती हैं। दुमका संसदीय क्षेत्र के तहत आनेवाले जामा विधानसभा क्षेत्र से वह तीन बार विधायक चुनी जा चुकी हैं और उनके पीछे भाजपा की ताकत भी है। उनके पति दुर्गा सोरेन भी जामा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे थे और उनकी गिनती झामुमो की सियासी हैसियत का विस्तार करने वाले नेताओं में होती थी। सीता सोरेन ने मुखर होकर परिवार के भीतर खुद के साथ अन्याय के आरोप लगाये हैं।

### 2019 में दुमका से हार गये थे गुरुजी

शिबू सोरेन 2019 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन से परास्त हो गये थे, लेकिन सोरेन परिवार इसे आज भी अपनी परंपरागत सीट मानता है। शिबू सोरेन ने 1999 के चुनाव में अपनी पत्नी रूपी सोरेन को यहां बतौर झामुमो प्रत्याशी उतार दिया था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। शिबू सोरेन के छोटे पुत्र बसंत सोरेन दुमका सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं।

### दुमका सीट का राजनीतिक इतिहास

दुमका की सीट झारखंड की राजनीति और बड़े नेताओं की साख से जुड़ी रही है। यह झारखंड की राजनीति का रुख बदलनेवाली सीट रही है। 80 के दशक में झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने झामुमो का खूंटा संथाल परगना में इसी सीट के सहारे गाड़ा था। यहां से शिबू सोरेन ने आठ बार चुनाव जीत कर इस सीट को झामुमो का अभेद्य किला बनाया था। वर्ष 1989, 1991 और 1996 के तीन चुनाव में शिबू सोरेन की लगातार जीत हुई। इस सीट पर झामुमो की जीत का पहिया लगातार घूमता रहा है। वर्ष 2002 के मध्यावधि चुनाव से 2014 तक शिबू सोरेन ने इस सीट पर लगातार चार बार जीत हासिल की। दुमका सीट से जीत-हार की राजनीति का गणित बदलता रहा है। 1998-99 में पहली बार भाजपा ने बाबूलाल मरांडी के सहारे इस सीट पर जीत का झंडा गाड़ा और शिबू सोरेन को शिकस्त देनेवाले बाबूलाल भाजपा का बड़ा चेहरा बन कर उभरे। तब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वन और पर्यावरण राज्यमंत्री बनाये गये। भाजपा के लिए यह जीत संताल परगना में पैर पसारने की जगह तैयार करनेवाली थी।

### क्या है वर्तमान स्थिति

दुमका संसदीय सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस लोकसभा क्षेत्र में कुछ छह विधानसभा सीटें आती हैं। शिकारीपाड़ा (एसटी), जामताड़ा, दुमका (एसटी), नाला, सारठ और जामा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र इसके तहत आते हैं। दुमका लोकसभा सीट पर आदिवासी मतदाता ही तुरुप का इक्का रहे हैं। 1980 में जब सोरेन पहली बार जीते थे, तो अंतर चार हजार से भी कम था, लेकिन आदिवासियों में मजबूत पकड़ की बदौलत गुरुजी की जीत का अंतर 1989 में 1.10 लाख तक पहुंच गया। 1996 में कांटे के मुकाबले में उन्होंने बाबूलाल मरांडी को करीब साढ़े पांच हजार वोटों से शिकस्त दी थी। अगले दो लोकसभा चुनाव को छोड़कर 2002 के उपचुनाव के बाद से यह सीट लगातार शिबू सोरेन के पास ही थी। 2014 में वह हार गये थे।

### दुमका का सियासी समीकरण

पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन ने शिबू सोरेन को हराया था। इस बार के चुनाव में शिबू सोरेन के मैदान में उतरने की संभावना कम है, लेकिन झामुमो के लिए इसे दोबारा जीतना आसान नहीं होगा। पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार और पलायन जैसे मुद्दे भाजपा से अधिक झामुमो के सामने चुनौती बन कर खड़े हैं। दुमका में जीत-हार आदिवासी मतदाताओं पर निर्भर है, लेकिन इसके अलावा करीब 14.5 प्रतिशत मुस्लिम और इसाइ वोट बैंक भी जीत-हार में निर्णायक हो सकता है।

### क्या हैं पिछले चुनाव के आंकड़े

जहां तक 2019 के चुनावी आंकड़ों की बात है, तो उस साल लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छह में से चार विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त ली थी, जबकि दो अन्य विधानसभा क्षेत्रों में झामुमो को बढ़त हासिल हुई थी। भाजपा को दुमका विधानसभा क्षेत्र से 78623, जामा से 68527, नाला से 91121, सारठ से 101173, जामताड़ा से 82530 और शिकारीपाड़ा से 61774 वोट मिले थे। यानी लोकसभा चुनाव में इन छह विधानसभा क्षेत्रों से भाजपा को कुल 483748 वोट मिले थे। छह माह बाद जब विधानसभा चुनाव हुए, तो भाजपा को कुल मिला कर 399066 वोट ही मिल सके, यानी लोकसभा चुनाव के मुकाबले 84682 वोट कम मिले। इनमें दुमका से 67819, जामा से 58499, नाला से 57836, सारठ से 90895, जामताड़ा से 74088 और शिकारीपाड़ा से 49929 वोट शामिल हैं।

---

## सरयू राय का दावा : ढुल्लू महतो मनी लांड्रिंग में शामिल

# इडी से आग्रह: जांच की आंच हो तेज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को धनबाद लोकसभा सीट के भाजपाई कैंडिडेट ढुल्लू महतो को एक बार फिर निशाने पर लिया। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरयू राय ने कहा कि जब इडी ने उच्च न्यायालय में शपथ पत्र दायर कर बताया है कि उन्होंने ढुल्लू महतो की नामी-बेनामी संपत्तियों की जांच के लिए इसीआइआर दायर कर लिया है। जांच शुरू भी कर दी है और जांच प्रगति पर भी है, तो यह जांच अब तक कहां तक पहुंची। इसे सार्वजनिक भी करना चाहिए। इसे उच्च न्यायालय को बताना भी चाहिए।




सरयू राय ने जो चार कंपनियों के नाम दिये हैं, उसके और वेयर हाउस की शुरू से अभी तक की गतिविधियों की जांच करने की बात इडी से की है। कहा कि इन जांचों के बाद ही कोयलांचल खासकर बाघमारा कोल एरिया में बड़े पैमाने पर चल रहे मनी लांड्रिंग का पदार्फाश भी होगा। इडी को इसमें युद्धस्तर पर रुचि लेना चाहिए, नहीं तो ढुल्लू महतो इतने बड़े खिलाड़ी हो जायेंगे कि हाथ डालना मुश्किल हो जायेगा।

### चार प्राइवेट कंपनियों का किया जिक्र

सरयू राय ने चार प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों का अति संक्षिप्त विवरण जारी किया। इनका पंजीकृत पता सहित अन्य जानकारी दी है। उनके मुताबिक इनमें से तीन कंपनियां धनबाद के कतरास और बाघमारा के विभिन्न पता पर और एक कंपनी हैदराबाद के पता पर पंजीकृत है। वे इन कंपनियों में अभी भी शेयर धारक हैं या अपना शेयर किसी को बेच दिया है, यह जानकारी वे स्वयं दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त पार्टनरशिप फर्म कावेरी वेयर हाउस में भी वे पार्टनर रहे हैं। कुछ वर्ष पहले तक इस फर्म में उनकी हिस्सेदारी 40 लाख रुपये रही है।

---

# 92 की उम्र में पहली बार करेंगे मतदान

**बड़खोरी गांव के बुजुर्ग खलील की अनोखी दास्तान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** उम्र के 92 वसंत देख चुके साहिबगंज के बुजुर्ग पहली बार मतदान करेंगे। दरअसल, बड़खोरी गांव के बुजुर्ग खलील अंसारी का नाम वोटर लिस्ट में था ही नहीं। बुजुर्ग की मानें, तो उसने किसी भी चुनाव में अब तक वोट नहीं डाला है और आगामी लोकसभा चुनाव में वह जीवन में पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार शुक्रवार को साहेबगंज मंडरो के दुर्गम क्षेत्र में अवस्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बड़खोरी गांव के करीब 92 वर्ष के दिव्यांग खलील अंसारी से मिलकर मतदाता सूची में उनका नाम होने की जानकारी ली। उनके द्वारा बताया गया कि पूर्व में वे बिहार के पूर्णिया जिले में रहते थे, लेकिन अब बड़खोरी में रह रहे हैं। उन्होंने मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण कभी भी अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किये जाने की जानकारी दी। इस पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया तत्काल करने का निर्देश दिया। उन्होंने अन्य वरिष्ठ मतदाताओं से मिलकर उनके लिए मतदान केंद्र पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधा एवं अन्य व्यवस्थाओं को जाना।



### बीएलओ के कार्यों की ली जानकारी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ से मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सुविधाओं और मतदाता जागरूकता के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही मतदाता सूची को अंतिम रूप दिये जाने के बाद विस्थापित, मृत का नाम मतदाता सूची से हटाने संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### केंद्र का लिया जायजा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पैदल पहुंच पथ वाले सुदूर स्थित मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। एक किलोमीटर से अधिक दूर तक पैदल चलकर साहिबगंज के उत्क्रमित उच्च विद्यालय आमझोर दक्षिण, मंडरो के मतदान केंद्र संख्या 4 का भी निरीक्षण कर सुविधाओं का अवलोकन किया।

---

# ग्वालियर की कोर्ट का लालू के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ग्वालियर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मध्य प्रदेश की एमपीएमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामला हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़ा है और करीब 26 साल से लंबित है। ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस संबंध में लालू के खिलाफ यह वारंट जारी किया है।

ग्वालियर की अदालत ने लालू प्रसाद यादव को इस मामले में 1998 में फरार घोषित किया था। यूपी की फर्म के संचालक राजकुमार शर्मा पर आरोप है कि उसने ग्वालियर की हथियारों की तीन कंपनियों से फर्जीवाड़ा कर 1995 से 1997 के बीच हथियार और कारतूस खरीदे थे। शर्मा ने हथियार और कारतूस बिहार में बेच दिए थे। जिन लोगों को यह हथियार बेचे गये, उनमें लालू प्रसाद यादव का नाम भी है। ये मामला 23 अगस्त 1995 से 15 मई 1997 के बीच का है। इस मामले में कुल 22 आरोपी हैं। छह के खिलाफ सुनवाई चल रही है। दो की मौत हो चुकी है। वहीं लालू प्रसाद यादव समेत 14 फरार हैं।



**नाम को लेकर था भ्रम :** इस मामले में लालू प्रसाद यादव आरोपी हैं तो लेकिन राजद नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हैं या नहीं, इसे लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। अदालत के रिकॉर्ड से इसकी पुष्टि नहीं हो रही थी। दस्तावेजों के अनुसार आरोपी लालू प्रसाद के पिता का नाम कुंद्रिका सिंह है। वहीं, राजद नेता लालू प्रसाद के पिता का नाम कुंदन राय है। लालू प्रसाद के पिता का नाम सिर्फ फरारी पंचनामे में लिखा है। पुलिस ने कोर्ट में जो चालान और फरार आरोपियों की सूची पेश की है, उनमें पिता का नाम नहीं लिखा था। शेष आरोपियों के पिता के नाम के साथ शहर तक का उल्लेख था। हालांकि, पूर्व सांसद और विधायक लालू प्रसाद यादव का जिक्र होने से यह केस एमपी-एमएलए कोर्ट में गया है।

### पुलिस ने की पुष्टि-लालू कौन

अब पुलिस का दावा है कि आरोपी लालू प्रसाद यादव कोई और नहीं बल्कि राजद नेता ही हैं। इसी आधार पर उन्हें आरोपी बनाया और गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पुलिस ने अपने अनुसंधान के बाद ही लालू प्रसाद यादव को आरोपी बनाया है। यह केस अन्य कोर्ट से एमपी-एमएलए कोर्ट को ट्रांसफर हुआ था। अब स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी कर लालू प्रसाद यादव को कोर्ट ने तलब किया है।

---

# ट्रेनों में जोड़े जा रहे अतिरिक्त कोच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बढ़ती गर्मी के साथ ही लोग अब गर्मी की छुट्टियों की तैयारी में लग गये हैं, जिसका असर रेलवे की बुकिंग में भी देखा जा रहा है। अप्रैल के आखिरी दिनों से लेकर मई-जून तक रेलवे की अलग-अलग जगहों के लिए चलने वाली ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट है। इसमें कुछ टूरिस्ट डेस्टिनेशन के लिए भी बुकिंग की मारामारी चल रही है। इसे देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की घोषणा की है। वहीं, कुछ ट्रेनों के परिचालन को अवधि विस्तार दिया गया है। इनमे से कुछ स्पेशल ट्रेनें भी शामिल है। इसमें रांची, बोकारो, धनबाद होकर चलने वाली रक्सौल एक्सप्रेस का परिचालन अब जून तक होगा।

जानकारी के अनुसार रेलवे ने ट्रेन संख्या 12495, ट्रेन संख्या 12496, ट्रेन संख्या 19608, ट्रेन संख्या 19607 में अतिरिक्त कोच लगाये हैं।

www.epaper.azadsipahi.in

06 अप्रैल, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 165







### झारखंड को दोनों हाथों से लूट रही है महागठबंधन सरकार

# सत्ता से उखाड़ फेंकने तक चैन से नहीं बैठेंगे: बाबूलाल

**■ डालटनगंज और विश्रामपुर में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित**

**■ चुनावों में जीत-हार दिल्ली में नहीं, बल्कि बूथों पर तय होती है : मरांडी**

जयकांत शुक्ला

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि महागठबंधन सरकार झारखंड को दोनों हाथों से लूट रही है। इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने तक भाजपा चैन से नहीं बैठेगी। शुक्रवार को विश्रामपुर स्थित आरसीयू के स्टेडियम में पार्टी के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह आम चुनाव असाधारण है। प्रधानमंत्री मोदी को हराने के लिए भ्रष्टाचारी और परिवारवादी पार्टियां एकजुट हुई हैं। विदेशी ताकतें भी उनका साथ दे रही हैं, लेकिन देश की जनता तो मोदी जी के साथ है। इसलिए इस बार भाजपा चार सौ सीटों का आंकड़ा पार करेगी।

उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में 63 प्रतिशत मत वीडी राम को मिला था। इस बार इसे 73 प्रतिशत तक ले जाना है। इसके लिए कार्यकर्ता जुट जायें। उन्होंने कहा कि जीत-हार दिल्ली में नहीं, बूथों पर तय होती है। इसलिए बूथ स्तर के कार्यकर्ता मतदाताओं को बूथों तक जाने के लिए प्रेरित करें। उन्हें मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बतायें।



### कल्पना जी, इडी की चार्जशीट पढ़ लीजिए

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बाबूलाल मरांडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को इडी की चार्जशीट पढ़ने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि कल्पना जी पढ़ी-लिखी और समझदार महिला हैं। उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में कदम रखा है और हर भाषण में अपने पति हेमंत सोरेन को बेकसूर बता रही हैं। उन्हें ऐसा करने से पहले इडी द्वारा अदालत में दायर 191 पेज की चार्जशीट मंगा कर पढ़ लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह चार्जशीट हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का दस्तावेज है। इतना ही नहीं, अब तो हेमंत के करीबी भी कह रहे हैं कि हेमंत ने क्या किया है।

उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार ने राज्य को चौतरफा लूटा है। बालू, पत्थर, कोयला, लोहा, जमीन सब लूटा है। नाम बदल-बदल कर लूटा है। वे यही नहीं रुके, बल्कि युवाओं की नौकरी भी लुटवा दी। उन्होंने कहा कि एक तरफ भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है, भ्रष्टाचारियों की बारात है, तो दूसरी ओर भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने की मोदी की गारंटी है।

### दस्तावेज चोरी की जांच कर दोषियों को जेल भेजा जाये

**मेदिनीनगर ।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर तंज कसते हुए कहा है कि सरकार उनकी, अधिकारी उनके, कर्मचारी उनकी, पुलिस भी उनकी और जमीन दलाल भी उनके। ऐसे में स्पष्ट है कि रांची के अभिलेखागार से जमीन संबंधी दस्तावेज की चोरी किसने की होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मांग की कि इस घटना की निष्पक्ष और कड़ाई से जांच हो और दोषियों को जेल भेजा जाये। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो आनेवाले समय में जनता के सवालों का जवाब देना मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने कहा कि वैसे भाजपा की सरकार बनने पर इस तरह के तमाम मामलों की जांच की जायेगी और दोषियों को जेल में बंद किया जायेगा।

**बुधवार को हुई चोरी :** बता दें कि राजधानी रांची में समाहरणालय स्थित अभिलेखागार (रिकॉर्ड रूम) में घुसकर चोरों ने जमीन से संबंधित कई दस्तावेज की चोरी कर ली। यह घटना बुधवार की रात हुई और इसका पता गुरुवार को दफ्तर खुलने पर चला। हालांकि अब तक यह पुष्टि नहीं हो पायी है कि दस्तावेजों की चोरी हुई है या नहीं। फिलहाल सभी दस्तावेजों का मिलान किया जा रहा है। रिकॉर्ड रूम की इंचार्ज सह उप समाहर्ता स्मृति कुमारी के आवेदन पर कोतवाली थाने में एफआइआर दर्ज की गयी है। आवेदन में जमीन के दस्तावेजों में बदलाव की कोशिश और छेड़छाड़ का जिक्र किया गया है।

# झामुमो की 21 अप्रैल को रांची में महारैली

### महुआ बोलीं, कल्पना गांडेय से उपचुनाव लड़ेंगी



**● झामुमो के सांसदों और विधयकों की हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची ।लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर झामुमो विधायक दल की बैठक शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में हुई। सुबह 11 बजे से शुरू हुई यह बैठक करीब पांच घंटे तक चली। बैठक में पार्टी ने चुनाव के मद्देनजर रणनीतियों पर चर्चा की। इस दौरान विधायकों को कार्य सौंपे गये। बैठक में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के अलावा झामुमो के मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे। इसमें तय किया गया कि 21 अप्रैल को रांची के प्रभाततारा मैदान में महारैली का आयोजन किया जायेगा। बैठक के बाद एक सवाल के जवाब में राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि निश्चित रूप से कल्पना सोरेन गांडेय उपचुनाव लड़ेंगी।

**केंद्र की तानाशाह सरकार के खिलाफ महारैली:** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में 14 की 14 सीटें पर पार्टी कामयाब होने के लिए बैठक बुलायी गयी थी। राज्य सरकार के अब तक के किये गये कार्यों को लेकर जनता के बीच में जाना है। लोकतंत्र को कमजोर करने वाली और लोकतंत्र से खिलवाड़ करने वाली जो शक्तियां हैं उनको हमें परास्त करना है, ताकि हमारी लोकतंत्र की रक्षा हो। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि ऐसी विशाल जनरैली झारखंड में आज तक किसी ने नहीं की होगी। यह लोकसभा चुनाव अन्याय के विरोध में होगा। केंद्र की तानाशाह सरकार के खिलाफ ये महारैली होगी।

### 21 अप्रैल को रांची के प्रभाततारा मैदान में महारैली

विधायकों व सांसदों की बैठक में झामुमो ने महारैली की रूपरेखा भी तय की। यह महारैली 21 अप्रैल को रांची के प्रभाततारा मैदान में आयोजित की जायेगी। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में निकाली गयी न्याय यात्रा का समापन भी इस रैली के माध्यम से होगा। साथ केंद्र की तानाशाह सरकार को संदेश दिया जायेगा। बैठक के बाद राज्यसभा सांसद महुआ माजी से जब सवाल किया गया कि क्या कल्पना सोरेन गांडेय उपचुनाव लड़ेंगी? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से वे गांडेय विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ेंगी।

## न्यूज रील्स

### यूपी मदरसा एक्ट रद्द करने पर लगी रोक

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश मदरसा एजुकेशन एक्ट को रद्द करने वाले इलाहाबाद हाइकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सुनवाई की और सरकार व अन्य पक्षकारों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मदरसा संचालकों की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया। इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक घोषित करते हुए कहा था कि यह एक्ट धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला है। बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट प्रथमदृष्टया सही नहीं है। ये कहना गलत होगा कि यह मदरसा एक्ट धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन करता है।

### शराब घोटाला भाजपा ने किया है: संजय सिंह

नयी दिल्ली। आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस करके शराब घोटाले के पीछे भाजपा का हाथ बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है। इडी ने टीडीपी सांसद मंगुटा रेड्डी और उनके पिता राघव रेड्डी पर दबाव डालकर केजरीवाल के खिलाफ बयान दिलवाया है। संजय सिंह ने आगे कहा कि मंगुटा रेड्डी अब प्रधानमंत्री की तस्वीर लगाकर चुनाव लड़ रहे हैं।

### बेंगलुरु ब्लास्ट के मुख्य और सह आरोपी पहचाने गये

बेंगलुरु। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले की जांच कर रही एनआइए ने शुक्रवार को बताया कि मामले में मुख्य और सह-आरोपी की पहचान हो गयी है। मुसाविर हुसैन शाजिब मुख्य आरोपी और अब्दुल मतीन ताहा सह-आरोपी है। मुसाविर ही कैफे में विस्फोटक लेकर गया था। दोनों ही शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं। दोनों आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश में कर्नाटक, तमिलनाडु और यूपी के 18 ठिकानों पर छापेमारी की गयी। 29 मार्च से दोनों पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित है।

### जम्मू कश्मीर में भूकंप के झटके

जम्मू। जम्मू कश्मीर के जिला किश्तवाड़ और डोडा में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये हैं। शुक्रवार को किश्तवाड़ में चार और डोडा में एक बार भूकंप का झटका लगा। ऐसे में शाम साढ़े पांच बजे तक कुल पांच बार भूकंप के झटके लग चुके हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी जानकारी दी है। ये झटके 2.9 से 3.2 के बीच की तीव्रता के थे। अबी तक किसी भी तरह के जानमाल के हानी की सूचना नहीं है।

### इडी ने हाइकोर्ट से किया आग्रह

# हेमंत ने दर्ज कराया था मामला उसकी जांच सीबीआइ से हो

**पूर्व मुख्यमंत्री ने गिरफ्तारी से पहले इडी अधिकारियों के खिलाफ एसटी-एससी एक्ट के तहत थाने में मामला दर्ज कराया था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड हाइकोर्ट से उसके अधिकारियों और मीडियाकर्मियों के खिलाफ एससी और एसटी एक्ट के तहत दर्ज करवाये गये मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) से कराने का आग्रह किया है। दरअसल 31 जनवरी को इडी द्वारा गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले झारखंड के तत्कालीन सीएम की ओर से रांची के एससी, एसटी थाने में इडी अधिकारियों और मीडियाकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इसकी जांच फिलहाल रांची पुलिस कर रही है। रांची पुलिस ने सीआरपीसी-41ए के तहत सहायक निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा, अनुपम कुमार और एक अन्य अधिकारी समेत इडी अधिकारियों को नोटिस भेजा था और उन्हें पूछताछ के लिए थाना बुलाया था। हालांकि झारखंड हाइकोर्ट ने नोटिस पर रोक लगा दी थी। इडी अब इस मामले की जांच सीबीआइ से कराना चाहती है। इसके लिए हाइकोर्ट से आग्रह किया गया है।

# धनबाद और वंशीधर नगर में वाहन जांच के दौरान ₹40 लाख बरामद

**निरसा से 35 लाख और बिलासपुर चेक पोस्ट पर 5 लाख रुपये मिले**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/वंशीधर नगर।** राज्य के अलग-अलग हिस्सों में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 40 लाख रुपये जब्त किये। पहला मामला धनबाद का है। यहां के निरसा मैथन चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 35 लाख रुपये बरामद किये। वहीं, दूसरा मामला वंशीधर नगर के झारखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित बिलासपुर चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान दो वाहनों से 5 लाख रूपये बरामद हुए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

**हजारीबाग ले जाया जा रहा था**



**नगदी :** प्राप्त जानकारी के अनुसार धनबाद में टाटा की हैरियर गाड़ी संख्या पश्चिम बंगाल से झारखंड के हजारीबाग जा रही थी। पुलिस की पूछताछ करने पर बताया गया कि झारखंड के हजारीबाग नगदी ले जाया जा रहा था। नगदी बजाज कंपनी के आयरन के अलग-अलग डब्बों में रखा गया था। जो 35 लाख रुपये था। पुलिस ने आयकर विभाग को इसकी सूचना दे दी है। विभाग के अधिकारी भी मामले की जांच कर रहे हैं।

### दो वाहनों से मिली राशि

विशुनपुरा सीओ सह फ्लाइंग स्क्वॉयड संदीप मधेशिया ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पड़ोसी राज्यों की सीमा के चेक पोस्ट पर नियमित वाहन चेकिंग की जा रही है। चेकिंग के दौरान विलासपुर चेक पोस्ट से विगत रात्रि में दो वाहनों से 5 लाख रुपये बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि चेक पोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट जितेन्द्र कुमार और पुलिस टीम की उपस्थिति में यूपी के सोनभद्र जिला अंतर्गत ओबरा के डिग्री कॉलेज रोड शिव नगर कॉलोनी निवासी कृष्णा गुप्ता के वाहन से चार लाख रुपये और रेलवे फाटक नगर ऊंटारी के रहने वाले मंजीत कुमार चौधरी के वाहन से एक लाख रूपया बरामद किया गया है। दोनों वाहन चालकों को नगदी के बारे में पूछताछ की गयी है। मामले की जांच की जा रही है।

# 'कांग्रेस नेताओं के मुंह पर राम मंदिर को लेकर लगा है ताला'

**राजस्थान के चुरू से पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चुरू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते 10 साल में हमने कई काम किये हैं, लेकिन ये बहुत कम है। अभी तक जो मोदी ने किया है, वो तो सिर्फ बड़ी होटलों में मिलने वाला स्टार्टर (एपेटाइजर) है, अभी तो खाने की पूरी थाली बाकी है। मोदी शुक्रवार को राजस्थान के चूरू में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने तीन तलाक पर कहा कि यह कानून हमारी मुस्लिम बहनों की मदद कर रहा है। वे यह समझें कि यह तीन तलाक आपके जीवन पर तो खतरा था ही, मोदी ने आपकी रक्षा तो की है, लेकिन मोदी ने हर मुस्लिम परिवार की भी



रक्षा की है।

प्रधानमंत्री ने राममंदिर, भ्रष्टाचार और परिवारवाद पर कांग्रेस व विरोधियों को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो राममंदिर पर एडवाइजरी जारी की है। अपने लोगों से मुंह पर ताला लगाने को कहा है। उन्हें लगता है कि भगवान राम पर कुछ बोला तो कहीं राम-राम न हो जाये। चूरू से भाजपा ने पैरालंपियन देवेंद्र झाझड़िया को उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर हाल ही में पार्टी का दामन थामने वाले राहुल कस्वां को टिकट दिया है।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र में 5 न्याय, 25 गारंटी

**400 रुपये मजदूरी, गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख, एमएसपी कानून और जाति जनगणना का वादा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें 5 न्याय और 25 गारंटी का ऐलान किया। घोषणा पत्र जारी करने के मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम और कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल मौजूद थे। इस घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र'




नाम दिया गया है। इसमें तमाम वर्गों के लिए न्याय पर जोर दिया गया है जिसमें महिला, युवा, किसान, गरीब आदि शामिल हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी बड़ी समस्या है और यह सरकार अमीरों के लिए है।

कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में युवा, महिला, मजदूर और किसान पर फोकस किया है। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की स्कीम्स का वादा किया गया है। पार्टी ने कहा है कि उसका घोषणा पत्र वर्क, वेल्थ और वेलफेयर पर आधारित है। यहां वर्क के मायने रोजगार, वेल्थ के मायने आमदनी और वेलफेयर के मायने सरकारी स्कीम्स के फायदे दिलाना है। पार्टी के घोषणा पत्र में मजदूरी 400 रुपये प्रति दिन करने, गरीब परिवार की महिला को साल में एक लाख रुपये देने, एमएसपी को कानून बनाने और जाति जनगणना कराने का जिक्र है।

# बिहार में मुकेश सहनी महागठबंधन में शामिल

**राजद के कोटे से तीन सीटें मिलीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) शुक्रवार को इंडी गठबंधन में शामिल हो गयी। राजद ने अपने कोटे से वीआइपी को लोकसभा चुनाव में तीन सीट देने का ऐलान किया है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि उनकी पार्टी अपने 26 सीटों के कोटे में से मुकेश सहनी की पार्टी को तीन सीटें देगी। ये सीटें गोपालगंज, झंझारपुर और मोतिहारी हैं। मुकेश सहनी ने कहा है कि हम लालू प्रसाद यादव की विचारधारा में विश्वास करने वाले लोग हैं। बीजेपी ने आपके नेताओं



को तोड़ने की कोशिश की और हमारी पार्टी को खत्म करने की कोशिश की है।

संवाददाता सम्मेलन में तेजस्वी यादव ने कहा कि आप जो देख रहे हैं, वह भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण चित्र है। राजनीतिक तौर पर काफी मजबूत और भविष्य के गठबंधन को लेकर मुकेश सहनी आये हैं। हम इनका स्वागत करते हैं। भाजपा ने इनके दल को तोड़ने का प्रयास किया। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारा गठबंधन बिहार के विधानसभा के लिए भी है। विधानसभा के चुनाव में भी हमलोग इनका सम्मान करेंगे।

मुकेश सहनी ने कहा कि आज हमलोग इंडी गठबंधन के साथ आये हैं। आपने देखा कि किस तरह से भाजपा ने हमारे विधायकों को खरीद लिया। हमारे सहयोग से सरकार बनायी और हमें ही बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद हमलोग गांव-गांव घूमे जनता के बीच गये। सहनी ने निषाद समाज को आरक्षण देने की बात कही। मैं कपूर्री और लालूजी के रास्तों पर चलने के लिए इंडी गठबंधन में आया हूं। हमलोग चालीस के चालीस सीटों जीतेंगे।

## टीएसपीसी समर्थक को किया गिरफ्तार

**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** कुंदा पुलिस ने थाना कांड संख्या 42/19 मामले के मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने बताया की टीएसपीसी समर्थक राजेंद्र गंझू उर्फ राजकुमार सिंह, पिता भागेशवर सिंह, ग्राम गरवट टोला बेटा पत्थर, थाना मनातू पलामू के मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## हंटरगंज में मनरेगा योजना में धड़ल्ले से हो रहा है जेसीबी का उपयोग



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिलहेत पंचायत के विभिन्न गांवों में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। थाना क्षेत्र में लगभग सभी गांवों में जेसीबी मशीन का उपयोग किया जा रहा है। जबकि मनरेगा योजना गरीब मजदूरों का पलायन रोकने के लिए प्रत्येक गांव में एक वर्ष में सौ दिन रोजगार मुहैया कराने का प्रावधान बनाया गया था। लेकिन इस कानून को खुद पंचायत प्रतिनिधि और मनरेगा योजना के देख-रेख के लिए बहाल बीएफटी और जीआरएस लगे हुए है। इसका ताजा उदाहरण एकतारा गांव में देखने को मिला। जहां खुद बीएफटी ने जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई किया है। पुछे जाने पर जबाब भी अजीबोगरीब दिया जो सुनकर हैरान कर है। उनका कहना है कि उक्त तालाब का प्रशासनिक भी नहीं हुआ है।

## 33 हजार सीएफटी बालू जब्त



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में खान निरीक्षक थाना प्रभारी, मयूरहंड और पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से मौजा-नौडीहा, सोकी के विभिन्न स्थलो पर अवैध बालू उत्खनन /परिवहन/भंडारण के विरुद्ध औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के क्रम में खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो ने बताया कि नोडीहा टांड़ में लगभग 330 ट्रेक्टर अवैध बालू का भंडारण पाया गया। स्थानीय ग्रामीण लोगों से पूछताछ में किसी ग्रामीण ने बालू भंडारण से संबंधित कुछ भी जानकारी नहीं दिया। उन्होंने बताया कि नौडीहा क्षेत्र में किसी को बालू भंडारण के लिए अनुज्ञप्ति पत्र प्राप्त नहीं है। अवैध बालू खनिज को जप्त करते हुए मयूरहंड थाना में अवैध बालू भंडारण के विरुद्ध प्राथमिकी कांड संख्या 20/2024 दर्ज कर जब्त बालू को स्थानीय मुखिया मीना देवी के पति इश्वरी मेहता को देखरेख की जिम्मेवारी दिया गया है। निगरानी के लिए थाना प्रभारी मयूरहंड से अनुरोध किया गया हैं।

## हजारीबाग की खबरें

## अदा की गयी अलविदा जुमे की नमाज



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभी गांव के मस्जिदों में माह-ए-रमजान के अंतिम जुमे यानी अलविदा की नमाज अदा की गयी। इस मौके पर बड़ी तादाद में लोगों ने मस्जिदों का रुख किया। सुबह से ही लोग अलविदा जुमे की नमाज के तैयारियों में लगे रहे। इस दौरान मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ को देखते हुए मस्जिद कमेटियों की ओर खास इंतेजाम किये गये थे। दोपहर होते-होते प्रखंड की सभी मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा करने के लिए अकीदतमंदो की भीड़ पहुंच गयी थी। बादम जामा मस्जिद, बलिया जामा मस्जिद, बड़कागांव जामा मस्जिद, चट्टी मस्जिद, मोकद्दस मस्जिद बादम, सिरमा मस्जिद, महुदी मस्जिद, महुगाई मस्जिद, चंदौल मस्जिद, डाडी मस्जिद, चेपा मस्जिद, सिंदूवारी मस्जिद, नगड़ी मस्जिद, हाहे मस्जिद, छवनिया मस्जिद, कनोदा मस्जिद अलविदा जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गयी। पवित्र महीने रमजान के आखिरी जुमे की नमाज में खुदा की बारगाह में हजारों सिर एक साथ झुकते नजर आए और लोगों ने अपने गुनाहों की माफी मांगी। बादम जामा मस्जिद में मौलाना रहमत ग्यावि ने नमाजियों को संबोधित करते हुए कहा के रमजान का महीना अब हम से विदा हो रहा है। अब हमारी जिम्मेवारी है जिस तरह हम लोग रमजान के महीने में बुराइयों से दूर रहे है, शराब से दूर रहे, लड़ाई झगड़े से दूर रहे वैसे ही पूरे साल बुरे कामों से दूर रहेंगे। जिस तरह रमजान के महीने में अपने औकात के मुताबिक गरीबों और जरूरतमंदों की मदद की है वैसे ही सालों भर मदद करेंगे तभी रमजान का असल मकसद हम सबको हासिल होगा। नमाज अदा करने के बाद देश में आपसी भाईचारे और देश के अमन, चैन और खुशहाली की खुसूसी दुआ मांगी गयी।

## नवरात्र-कलश स्थापना 9 अप्रैल को 6:11 से 10:23 तक शुभ मुहूर्त

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गोहाल निवासी आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज ने बताया कि जयनगर प्रखंड में रामनवमी, चैती छठ, बासंती दुर्गा पूजा का विशेष महत्व है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र शुरू हो जाता है। नवरात्र पर देवी दुर्गा का 9 अलग-अलग स्वरूपों की विधि विधान के साथ पूजा की जाती है, नवरात्र के नौ दिनों तक लोग उपवास भी रखते है। उन्होंने बताया कि हिंदू पंचांग के उदया तिथि के आधार पर चैत्र नवरात्र 9 अप्रैल से शुरू होगी, मान्यता है कि चैत्र नवरात्र में मां देवी की पूजा करने से सभी तरह के कष्ट दूर होते हैं। कलश स्थापना के लिए 9 अप्रैल सुबह 6:11 से 10:23 तक शुभ मुहूर्त रहेगा। **चैत्र नवरात्र पर घोड़े पर सवार होकर आयेगी:** देवी मां दुर्गा इस बार चैत्र नवरात्र पर मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आयेगी। मंगलवार को चैत्र नवरात्र शुरू होने के कारण मां का वाहन घोड़ा होगा। नवरात्र पर देवी पूजन और 9 दिन के व्रत का बहुत महत्व है। **अर्थव्यवस्था और कृषि, उद्योग, व्यापार में होगी प्रगति:** आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज ने बताया कि राजा मंगल और मंत्री शनि के कारण विश्व अर्थव्यवस्था और कृषि, उद्योग, व्यापार में प्रगति होगी। आरोग्यता होगी नवीन औषधीय का निर्माण होगी। शिक्षा और बौद्धिक विचारों और तकनीक का प्रसार और हस्तांतरण होगा। विश्व के प्रमुख शेयर-सट्टा बाजारों में तेजी और खनन क्षेत्र व गृह निर्माण क्षेत्र में विशेष उन्नति होगी। परिवहन और संचार क्षेत्र में प्रगति होगी। भारत में धार्मिक वातावरण रहेगा, वर्ष सामान्य रहेगी, फसलों के मूल्य सामान्य रहेंगे, मंगल और शनि का कुप्रभाव बढ़ते क्रम में होगा।

# 213 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** नशा के सौदागरों को नकेल कसने के लिए पुलिस दिन-रात मेहनत कर रही है। इसी दौरान पुलिस ने 213 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया। ब्राउन शुगर कीमत लगभग पांच लाख रुपये बतायी जा रही है। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रोहित कुमार रजवार ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से ग्राम घटधारी से ब्राउन शुगर लेकर करेलीबार होते हुए जोरी की ओर जाने वाले हैं। इसी सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस दल द्वारा घटधारी से करेलीबार गांव की ओर जाने वाली सड़क में पच्चातरी गांव के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सिल्वर रंग का होंडा मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आ रहे थे जो पुलिस को देखकर मोटर साइकिल घूमाकर भागने लगे। जिसे पुलिस ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ लिया। पुलिस गिरफ्त में आये दोनों आरोपी वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सजनी गांव निवासी रामचंद्र साहू का 20 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार और करेलीबार गांव के पिता सरजू भारती का 21 वर्षीय पुत्र सुबोध कुमार को गिरफ्तार किया गया और जेएच 13 सी /6660 नंबर की मोटरसाइकिल और एक झोले में रखे गये उजला रंग के कपड़ा में बंधा हुआ 213 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इस छापामारी दल में पुलिस उपाध्यक्ष मुख्यालय रोहित कुमार रजवार, वशिष्ठनगर थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अभय कुमार और सैट 149 और आइआरबी 3 के सशस्त्र जवान शामिल थे।

## भाजपा भुरकुंडा मंडल की जवाहर नगर में हुई बैठक

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर की गयी चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुरकुंडा।** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के आवासीय कार्यालय में जवाहर नगर में शुक्रवार को भाजपाईयों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालक महामंत्री महेंद्र सिंह और अशोक सोनी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से शशि भूषण भगत, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, हजारीबाग लोकसभा के संयोजक टुन्नू गोप, लोकसभा के सहसंयोजक रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, अखिलेश प्रसाद, जिला मंत्री संजीव कुमार बावला उपस्थित थें। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गयी। बैठक में संगठन की मजबुती पर बल देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही अबकी बार 400 पार के नारे के साथ जोर-शोर व उत्साह के साथ चुनाव के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ जीत दिलाने का काम जनता और भाजपा कार्यकर्ता करेंगे। कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में अभी से ही जुट जायें। धन्यवाद ज्ञापन जगतार सिंह ने प्रस्तुत किया। बैठक में भुरकुंडा मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, राजन पांडेय, शंकर प्रसाद, सत्येंद्र नारायण सिंह, जुगल नायक, सुखदेव प्रसाद, ज्योति सिंह, राजेश गुप्ता, कुमेल उरांव, संतोष शर्मा, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, विजय कुमार, सूरज शर्मा, अनूप कुमार सिंह, विकास मोहन मिश्रा, आकाश साहू, प्रकाश नायक, संतन सिंह, बाबूलाल नायक, बलजीत सिंह, राजु मल्होत्रा, प्रकाश नायक, सुनील बैठा, लकीचंद लोहार आदि मौजूद थें।

# हनुमानजी की प्रतिमा पहुंचने पर स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के गोरियारीबागी के प्राचीन रत्नेश्वर शिव मंदिर परिसर के नवनिर्मित मंदिर में प्रभु श्री हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। इसके लिए 11 से पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। शुक्रवार की सुबह प्रतिमा पहुंचने पर बाजारटांड से हनुमानजी का स्वागत करते हुए मंदिर लाया गया। इस दौरान भक्तों ने भी जय श्री राम जय हनुमान के जयकारे लगाये। प्रतिमा को वाहन से उतार कर शिव मंदिर में रखा गया है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा, सचिव रविकांत कुशवाहा, कोषाध्यक्ष शीतल कुमार, उपाध्यक्ष रामनंदन कुशवाहा, सह सचिव हीरालाल कुशवाहा, सह कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद कुशवाहा, बिनोद कुशवाहा, सुरेंद्र दांगी, संजय कश्यप, अभिमन्यु कुशवाहा, रामनंदन कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, असीम कुशवाहा, हीरालाल, प्रमोद कुशवाहा, योगेंद्र कुशवाहा, अभिनंदन, सुनील, दशरथ महतो, नकुल महतो, राम अवतार महतो, सुजल कुमार, आशीष कुमार, ऋषि कुमार, आर्यन राज, नरेश साहू, कैलाश कुमार, बिरजू कुमार, महिला पूर्णिमा देवी, हेमा देवी, राधा देवी, अनीता देवी, श्रुति देवी, सरिता देवी, सुमित्रा देवी, सुलोचना देवी, बबिता देवी, लीलावती देवी, बदनी देवी, साबो देवी, केसरी देवी, राधिका देवी, प्रेमलता देवी आदि शामिल थे।

## युवती ने की आत्महत्या

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अरगड्डा माइनस क्वार्टर निवासी रामसकल करमाली पिता स्व प्रेमलाल करमाली ने रामगढ़ थाना में आवेदन देकर उसकी बेटी को आत्महत्या के लिये उकसाने का प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। आवेदन में कहा गया है कि चार अप्रैल को संध्या चार बजे उसका बेटा संकेत करमाली ने फोन पर उसे जानकारी दिया कि बेटी नुतन कुमारी ने दुपट्टा से फंदा लगाकर फांसी लगा ली है। सूचना पर मैं अपनी पत्नी के साथ रांची से तत्काल अरगड्डा पहुंचा। अरगड्डा आने पर देखा कि उसकी बेटी मर चुकी है। उसके गले पर लाल निशान है। इसके बाद घर में चारों ओर तलाशी लिया। जिसमें एक कागज मिला जिसमें सुजीत कुमार लिखा हुआ था। बाद में जानकारी मिला कि सुजीत कुमार नाम का एक युवक अपने फोन पर बात करता था। उस दिन फोन पर मेरी बेटी के साथ झगड़ा हो गया। इसी गुस्से में मेरी बेटी ने आत्महत्या की। पुलिस से मामले में कानूनी कारवाई करने की मांग की पुलिस ने इस संबंध में आरोपी युवक पर कांड संख्या 92-24 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि मामले का अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

## आम्रपाली: सीबीआइ की दबिश ने अफसरों के उड़ा दिये होश

# एरिया सेल्स प्रबंधक को खोज रही एजेंसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**टंडवा।** प्रखंड में संचालित सीसीएल की आम्रपाली परियोजना में सीबीआई की टीम ने संबंधित अधिकारियो की नींद उड़ा दिया है।टीम ने बीते तीन अप्रैल को परियोजना के दो सीसीएल के दो कर्मियो को गिरफ्तार कर रांची ले गये। जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम ने गुरुवार को परियोजना के एरिया सेल्स मैनेजर सतीश नायक और उसके लैपटॉप खोजने आम्रपाली के दफ्तर आये थे। कयास लगाया जा रहा है की सीबीआई टीम को लैपटॉप मिलने के बाद बड़े राज का खुलासा हो सकता हैं।

एक पखवारे से सीबीआई की कार्रवाई होने से गुरुवार को पीओ और जीएम कार्यालय में सन्नाटा पसरा रह रहा है। लगातार जांच की शिलासिला बढ़ने से परियोजना के पदाधिकारी डर के साये में दफ्तर नही पहुंच रहे है। मालूम हो की बीते 19 मार्च को सिविल विभाग के जेई रामभज्जू व अशोक राम की सीबीआई की टीम ने गिरफ्तार कर रांची ले गयी थी। इससे साफ मालूम होता है इतने बड़े करवाई होने के बावजूद आम्रपाली परियोजना के अफसरों में कोई डर नही रहा और 3 मार्च को दूसरी बड़ी कार्रवाई से पता चला की बिना चढ़ावा का परियोजना में कोई भी कार्य नहीं होते। सीबीआई की टीम परियोजना के कई जगहों पर छापेमारी के बाद कुछ अहम दस्तावेज बरामद कर रांची ले गयी। सीबीआई की टीम ने परियोजना सम्प्रेषण पदाधिकारी सीसीएल चतरा झारखंड के खिलाप टंडवा के धनगड़ा एक लिफ्टर द्वारा एक शिकायत पर मामला दर्ज किया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने सीसीएल आम्रपाली परियोजना चतरा के डीओ नंबर 1002 और 1003 के खिलाप कोयला उठाने की अनुमति देने के लिये 91000 रुपये की रिश्वत की मांग की गयी थी। सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी संप्रेषण अधिकारी की कहने पर शिकायतकर्ता से 50000 की आंशिक रिश्वत राशि स्वीकार करते हुए उक्त क्लर्क ग्रेड थर्ड को पकड़ लिया गया था।

## चोरी के तीन आरोपी को भेजा जेल

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आम्रपाली के आरकेएस साइट मे दूकान में चोरी के मामले मे पुलिस ने गाडिलौंग के तीन आरोपियों को जेल भेज दिया है। इस्पेक्टर अनिल उरांव के अनुसार गिरफ्तार होने वालों में गाडिलौंग के सैनिक यादव, धीरज भुइया और कुणाल चौरसिया का नाम शामिल है। जिसका काड संख्या 58/24 है। पुलिस के अनुसार इनके पास से चोरी के पान मसाला और सिगरेट भी जब्त किये गये है।

## रामगढ़ में वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की जयंती पर राहगीरों को बांटे शरबत



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** पासवान यूथ कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की 711वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान यूथ कमेटी के पदाधिकारियों ने सर्व प्रथम वीर बाबा चौहरमल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वही, कमेटी के लोगों छावनी फुटबॉल मैदान के समीप राहगीरों के शरबत का वितरण किया। मौके पर यूथ कमेटी के अध्यक्ष विक्की पासवान ने कहा कि वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल समाज के प्रगति के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा के बतायें रास्ते पर चलकर ही दिशा और दशा में बदलाव होगा। बाबा हमारे कुल देवता है, हम सभी इनकी पूजा अर्चना करते हैं। इन्होंने समाज को जगाने का काम किया है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष कोशल पासवान, जितेन्द्र पासवान, गोपाल पासवान, राजा पासवान, रिक्की पासवान, अजय पासवान, गणेश पासवान, सुनील पासवान, अभिमन्यु पासवान, राज पासवान आदि उपस्थित थे।

## भाजपा के छावनी मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव का फेसबुक अकाउंट हैक

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भाजपा के छावनी मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के फेसबुक अकाउंट गुरुवार को साइबर अपराधियों ने हैक कर लिया है। फेसबुक अकाउंट को हैक करने के बाद साइबर अपराधियों ने कई लोगों को ठगी का शिकार भी बनाया है। फेसबुक अकाउंट हैक होने की जानकारी के बाद सूर्यवंश श्रीवास्तव ने फेसबुक में एक पोस्ट कर अपने मित्रों से उक्त हैकर के फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार नहीं करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि हैकर ने कई लोगों को अर्जेंट वर्क बताकर कई लोगों से रुपयों की ठगी की है। इससे पूर्व साइबर अपराधियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता का भी फेसबुक अकाउंट को हैक कर लिया था।

## घर में लगी आग, लाखों की संपत्ति हुई खाक



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के पैनी कला पंचायत के पख्खा गांव में शुक्रवार को सरयू प्रजापति के घर में अचानक आग लग गयी। जिससे घर में मिक्सी मशीन, गोदरेज, पलंग, कपड़ा, कागजात, सिलाई मशीन, चावल गेहूं, कुर्सी, खाने पीने का सामान सहित अन्य आवश्यक सामान जलकर खाक हो गया। घटना के संबंध में पीड़ित ने बताया कि घर के बाहर राहर का बोझा रखा हुआ था। राहर का बोझा में अचानक किसी ने आग लगा दिया। जिससे वह जलने लगा। आग की लपटें इतनी तेज हो गयी कि उसकी चपेट में घर में भी आग लग गयी। जिससे घर में रखे करीब डेढ़ लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गया। घटना से पीड़ित के पूरा परिवार सदमे में है। इस संबंध में पीडित ने स्थानीय थाना और अंचल कार्यालय में आवेदन देकर आपदा प्रबंधन से मुआवजा की मांग की है।

## पतरातू में भाजपा की हुई बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** भाजपा पतरातू मंडल की बैठक पतरातू में हुई। बैठक की अध्यक्षता पतरातू मंडल के अध्यक्ष राजाराम प्रजापति और संचालन अवधेश सिंह ने की। बैठक में हजारीबाग के संयोजक टुन्नू गोप बड़कागांव विधानसभा के प्रभारी शशि भूषण भगत विधानसभा के संयोजक लोकनाथ महतो, रामगढ़ जिला के अध्यक्ष प्रवीन मेहता, जिला उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर संजय सिंह, जिला महामंत्री छोटन सिंह, अखिलेश प्रसाद, सुखदेव प्रसाद सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाने और 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती पतरातू मंडल में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस मौके किशोर कुमार महतो, पंकज गुप्ता, प्रभात प्रसाद, गणेश ठाकुर सहित कई भाजपा नेता शामिल थे।

## कुंदा के कई गावों में नल जल योजना बेकार, पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण



**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कुंदा पंचायत के कई गावों में नल जल योजना बेकार पड़ा हुआ है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत लगी जलमीनार का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नल जल मिशन के तहत शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए सरकार द्वारा कुंदा पंचायत के ग्राम मेदवाडीह, मोहनपुर, नवादा, जगरनाथपुर में लाखों रुपये खर्च कर जलमीनार लगायी गयी है। लेकिन नल जल योजना में संवेदक व अभियंता की घोर लापरवाही के चलते बूंद बूंद पानी के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मोहनपुर में अरविंद यादव के घर के पास लगा जलमीनार को सिर्फ खड़ा करके छोड़ दिया गया है। कुर्मी टोला में लगाया गया जलमीनार से हर घर को नहीं जोड़ा गया। सिर्फ चालू करके छोड़ दिया गया है। जिससे सारा पानी रोड में जाने से रोड कीचड़ में तब्दील हो गया रंआने जाने वाले राहगीरों को कीचड़ होने से गिरकर दुर्घटना होने का भय बना रहता है। जगरनाथपुर व मेदवाडीह गांव में चालू भी हुआ तो अधूरा ही हर घर तक पानी के लिए नहीं जोड़ा गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से हर घर नल जल योजना का लाभ उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

# महाराष्ट्र के पेंच

जिन कुछेक राज्यों में आगामी लोकसभा चुनाव के समीकरण सबसे ज्यादा जटिल माने जा रहे हैं, उनमें महाराष्ट्र प्रमुख है। इसी जटिलता का ताजा उदाहरण है पूर्व मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरुपम का पार्टी से अलगाव सार्वजनिक होने के बाद पूर्वघोषणा के बावजूद यह न बता पाना कि वह किस पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। गुरुवार को वह इसकी घोषणा करने वाले थे, लेकिन यह कहते हुए दो-तीन दिनों का और वक्त ले लिया कि अब उसकी कोई जल्दी नहीं है। अनिश्चितता के पीछे सबसे बड़ी वजह यह मानी जा रही है कि अभी महायुति यानी बीजेपी और उसके अन्य सहयोगी दलों में भी सीटों के बंटवारे पर पूरी सहमति नहीं बन पायी है। इससे कई सीटों पर यह निश्चित नहीं हो पा रहा कि वह आखिरकार किस दल के हिस्से में जायेगी और एनडीए प्रत्याशी को किस निशान पर चुनाव लड़ना होगा। इस बार का चुनाव इस मायने में खास है कि प्रदेश के दो प्रमुख दल - शिवसेना और एनसीपी- दो फाड़ होकर आमने-सामने हैं। ऐसे में सीटों को लेकर पारंपरिक दावे पुराने रूप में नहीं रह गये हैं। दोनों खेमों में हर सीट पर न केवल दलों के बीच दावेदारी बढ़ी हुई है, बल्कि संभावित प्रत्याशियों की संख्या भी ज्यादा है। नतीजतन, यह रस्साकशी नेताओं के पार्टी छोड़ने की वजह तो बन ही रही है, कई सीटों पर इसने विचित्र स्थिति पैदा कर दी है। उदाहरण के लिए, विदर्भ की बुलढाणा सीट को लिया जा सकता है, जो महायुति में शिंदे सेना को दी गयी, लेकिन उस पर बीजेपी की भी दावेदारी थी। पार्टी के झुकने के बावजूद स्थानीय बीजेपी नेता ने वहां से पर्चा भर दिया। दिलचस्प है कि उस नेता ने दो पर्चे भरे हैं एक बीजेपी नेता के रूप में और दूसरा निर्दलीय के तौर पर। यह स्थिति आगे चाहे जो भी रूप ले, इतना तो स्पष्ट है कि चुनावी समीकरणों के अंतर्विरोध को साधना विभिन्न पार्टियों के नेतृत्व के लिए आसान साबित नहीं हो रहा। राजनीतिक अंतर्विरोध इस बार पार्टियों पर खास परिवारों के दबदबे की ही नहीं, एक परिवार के अंदर विरासत पर अलग-अलग दावेदारी की भी झलक दे रहा है। यह सबसे स्पष्ट रूप में बारामती सीट पर दिख रहा है, जो पिछले करीब छह दशकों से शरद पवार का गढ़ रही है। इस बार यहां इसी परिवार के दो अहम सदस्य - बेटी सुप्रिया सुले और बहू सुनेत्रा पवार- आमने सामने हैं। जहां सुप्रिया पिता शरद पवार की ओर से लड़ रही हैं, वहीं सुनेत्रा अपने पति अजित पवार के नाम पर वोट मांग रही हैं। जाहिर है, कम से कम महाराष्ट्र में यह चुनाव केंद्र की अगली सरकार तय करने में भूमिका ही नहीं निभायेगा, प्रदेश राजनीति के स्वरूप और उसकी राजनीतिक संस्कृति को भी नये ढंग से परिभाषित कर सकता है।

**जाहिर है, कम से कम महाराष्ट्र में यह चुनाव केंद्र की अगली सरकार तय करने में भूमिका ही नहीं निभायेगा, प्रदेश राजनीति के स्वरूप और उसकी राजनीतिक संस्कृति को भी नये ढंग से परिभाषित कर सकता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**ऐसा नहीं है कि किसी एक दल के नेता ही इवीएम की गड़बड़ी या उससे छेड़छाड़ का आरोप लगाते आये हैं। इस बात के अनेकों उदाहरण हैं, जहां हर प्रमुख दलों के नेताओं ने कई चुनावों के बाद इवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग की बात करें तो वह इन आरोपों का शुरू से ही खंडन कर रहा है। आयोग के अनुसार इवीएम में गड़बड़ी की कोई गुंजाइश ही नहीं है।**

# इवीएम-वीवीपैट : मतदाताओं को है जानने का हक

रजनीश कपूर

पिछले दिनों देश की शीर्ष अदालत ने एक जनहित याचिका का संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। नोटिस में अदालत ने चुनाव आयोग से पूछा कि भारत की चुनाव प्रणाली में इस्तेमाल की जाने वाली इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) और उसके साथ जुड़ी वोटर वैरीफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीन का शत-प्रतिशत मिलान क्यों न किया जाये? चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की दृष्टि से याचिकाकर्ता की इस मांग को उचित मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह नोटिस जारी किया। विपक्षी दलों द्वारा इस मिलान की मांग काफी समय से की जा रही है। परंतु न तो चुनाव आयोग और न ही शीर्ष अदालत ने इन मांगों पर ध्यान दिया। सभी को यही लगता था कि जब भी विपक्ष चुनाव हारता है, तभी इवीएम पर शोर मचाता है। ऐसा नहीं है कि किसी एक दल के नेता ही इवीएम की गड़बड़ी या उससे छेड़छाड़ का आरोप लगाते आये हैं। इस बात के अनेकों उदाहरण हैं, जहां हर प्रमुख दलों के नेताओं ने कई चुनावों के बाद इवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग की बात करें तो वह इन आरोपों का शुरू से ही खंडन कर रहा है। आयोग के अनुसार इवीएम में गड़बड़ी की कोई गुंजाइश ही नहीं है। 1998 में दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधान सभा की कुछ सीटों पर इवीएम का इस्तेमाल हुआ था। परंतु 2004 के आम चुनावों में पहली बार हर संसदीय क्षेत्र में इवीएम का पूरी तरह से इस्तेमाल हुआ। 2009 के चुनावी नतीजों के बाद इसमें गड़बड़ी का आरोप भाजपा द्वारा लगा। गौरतलब है कि दुनिया के 31 देशों में इवीएम का इस्तेमाल हुआ, परंतु खास बात यह है कि अधिकतर देशों में इसमें गड़बड़ी की शिकायत के बाद वापस बैलट पेपर के जरिए ही चुनाव किये जाने लगे।

**2013 में वीवी पैट को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और इलेक्ट्रॉनिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा बनाया गया था।**



**चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसे किसी भी दल या सरकार के प्रति पक्षपात होता दिखाई नहीं देना चाहिए। यदि चुनाव आयोग ऐसे सुझावों को जनहित में लेती है तो मतदाताओं के बीच भी एक सही संदेश जायेगा, कि चाहे इवीएम पर गड़बड़ियों के आरोप लगें पर चुनाव आयोग किसी भी दल के साथ पक्षपात नहीं करता।**

वीवी पैट व्यवस्था के तहत वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची छपती है। इस पर्ची पर वोटर द्वारा जिस उम्मीदवार को वोट दिया गया है, उनका नाम और चुनाव चिह्न छपा होता है। इससे वोटर को इस बात की संतुष्टि हो जाती है कि उसने जिसे वोट दिया उसी को वोट मिला। इसके साथ ही किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में इवीएम में पड़े वोटों का इन पर्चियों से मिलान भी किया जा सके। 2013 में वीवी पैट को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और इलेक्ट्रॉनिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा बनाया गया था। 2014 में चुनाव आयोग ने यह निर्णय लिया कि 2019 के आम चुनावों में सभी इवीएम के साथ वीवी पैट का इस्तेमाल हो। इवीएम में गड़बड़ी की आशंका को दूर रखने की मंशा से फिलहाल हर निर्वाचन क्षेत्र की किसी भी 5 रैंडम इवीएम का ही वीवी पैट से मिलान होता है। याचिका में मांग की गई कि भारत के चुनाव आयोग ने लगभग 24 लाख वीवी पैट खरीदने के लिए 5 हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं, परंतु केवल 20,000 वीवी पैट की पर्चियों का ही मिलान होता है।

जनता के कर से दिए गए पैसों से बनी इन मशीनों का जब सभी मतदान केंद्रों पर इस्तेमाल होता है तो इसका मिलान करने में दिक्कत क्या है? आखिर मतदाता को इस बात की जानकारी लेने का पूरा हक है कि उसके द्वारा दिए गए वोट, उसी के द्वारा चुने गये उम्मीदवार को मिले किसी अन्य को नहीं। याचिका में कहा गया है कि चुनाव न केवल निष्पक्ष होना चाहिए बल्कि निष्पक्ष दिखना भी चाहिए क्योंकि सूचना के अधिकार को भारत के संविधान के आर्टिकल 19(1) (ए) और 21 के संदर्भ में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। कोर्ट ने इसी अधिकार के तहत इस याचिका को स्वीकार किया और नोटिस जारी किया।

जब भी कभी कोई प्रतियोगिता होती है, तो उसका संचालन करने वाले शक के घेरे में न आयें, इसलिए उस प्रतियोगिता के हर कृत्य को सार्वजनिक रूप से किया जाता है। आयोजक इस बात पर खास ध्यान देते हैं कि उन पर पक्षपात का आरोप न लगे। इसीलिए जब भी कभी आयोजकों को कोई सुझाव दिये जाते हैं, तो यदि वे उन्हें सही लगें तो उसे स्वीकार लेते हैं। ऐसे में उन पर पक्षपात का आरोप नहीं लगता। ठीक उसी तरह एक स्वस्थ लोकतंत्र में होने वाली सबसे बड़ी प्रतियोगिता चुनाव हैं। उसके आयोजक यानी चुनाव आयोग को उन सभी सुझावों को खुले दिमाग से और निष्पक्षता से लेना चाहिए।

चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसे किसी भी दल या सरकार के प्रति पक्षपात होता दिखाई नहीं देना चाहिए। यदि चुनाव आयोग ऐसे सुझावों को जनहित में लेती है तो मतदाताओं के बीच भी एक सही संदेश जायेगा, कि चाहे इवीएम पर गड़बड़ियों के आरोप लगें पर चुनाव आयोग किसी भी दल के साथ पक्षपात नहीं करता। यदि इवीएम की गुणवत्ता पर और उसकी कार्य पद्धति पर चुनाव आयोग को पूरा विश्वास है तो इस याचिका पर अपनी प्रतिक्रिया सर्वोच्च अदालत में अविलंब दे देनी चाहिए। इसके साथ ही संपूर्ण वीवी पैट के मिलान की मांग पर एक समयबद्ध ऑनलाइन सर्वेक्षण भी करा लेना चाहिए। इससे यदि मतदाता को भी कुछ सुझाव देने होंगे तो वह भी चुनाव आयोग के पास आ जायेंगे। ऐसे में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जानी जाने वाली संस्था भी जनता के बीच अपना पक्ष रख पायेगी।

यदि चुनाव आयोग को याचिका की मांगों पर आपत्ति नहीं है तो आगामी लोकसभा चुनावों में ऐसा प्रयोग कर ही लेना चाहिए। ऐसा करने से दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ जायेगा। इतना ही नहीं भारत जैसे मजबूत लोकतंत्र को और मजबूती भी मिलेगी।

## जमशेदपुर की खबरें

# सफाई व्यवस्था में इस तरह की कोताही बर्दास्त से बाहर : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर और आस पास के क्षेत्र में साफ सफाई और भीषण गर्मी में पेयजल की समस्याओं को लेकर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने नाराजगी जतायी। शुक्रवार को विधायक श्री राय ने जमशेदपुर अक्षेस को चेतावनी देते हुए कहा कि बस्ती क्षेत्रों में सफाई की व्यवस्था पंगु हो गयी है। कोई भी सफाई ठेकेदार समुचित मजदूर लगाकर क्षेत्र में सफाई नहीं करवा रही। खासकर प्रेम नगर और लक्ष्मीनगर में जमशेदपुर अक्षेस के ठेकेदारों ने कार्य में लपारवाही बरत रहे हैं। जोजोबेड़ा इलाके में लोगों को स्वयं सफाई करनी पड़ रही है। विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त से कहा वे सभी सफाई ठेकेदारों से उनके मजदूरों की सूची मांग कर उपलब्ध करायें ताकि क्षेत्र में उनकी निगरानी रखी जा सके। श्री राय ने कहा कि सफाई व्यवस्था में इस तरह की कोताही बर्दास्त से बाहर है। रोज किसी न किसी इलाके से सफाई नहीं होने की शिकायत मिल रही है। श्री राय ने जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त से कहा है वे एक दो दिनों के भीतर सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करायें। सफाई ठेकेदारों को शिडयुल तैयार कर उन्हें उपलब्ध करायें। उधर बढ़ती गर्मी को देखते हुए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर अक्षेस और टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों को शहर के सभी मुहल्लों में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए एक संयुक्त टीम गठित करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त बस्ती क्षेत्रों की सूची बनाये। ताकि गर्मी के दिनों पानी की किल्लत होने वाले बस्ती में टैंकर से पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा भुइयांडीह, ग्वाला बस्ती, बाबुडीह, लाल भट्टा इलाकों में पेयजल उपलब्ध कराने और जोजोबेड़ा इलाकों में तेज गति से जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा इन इलाकों में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। विधायक ने पेयजल परियोजना के तहत जिन क्षेत्रों में पीने का पानी पहुचाना है उन क्षेत्रों के लिए अलग से टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। उपनगर आयुक्त ने आश्वस्त किया कम से कम आधा दर्जन अतिरिक्त पानी टैंकरों की व्यवस्था करेंगे। पानी की किल्लत वाली बस्तियों की सूची शीघ्र तैयार कर लेंगे। वही श्री राय ने टाटा स्टील से पेयजल परियोजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का अनुरोध किया। ताकि भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल की सहुलियत मिल सके।

## भाजपा सांसद सह प्रत्याशी संजय सेठ ने इचागढ़ विधानसभा में चलाया जनसंपर्क अभियान



**चांडिल (आजाद सिपाह)। रांची लोकसभा के सांसद सह भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजय सेठ ने ईचागढ़ विधानसभा के चांडिल और नीमडीह प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया। शुक्रवार को उन्होंने चांडिल प्रखंड के चावलीवासा, चौका, आदर्श कॉलोनी चांडिल, एवं नीमडीह प्रखंड के पाथरडीह, चावलीवासा, गुमानडीह पाथरडीह, बाडेदा, केतुंगा, आदरडीह का भ्रमण कर चातरमा के हरिसंकीर्तन में शामिल हुए।संजय सेठ ने जनसंपर्क अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे कार्य और ईचागढ़ विधानसभा में किए गए कार्यो का ब्यौरा जनता के बीच रखा।**

## मोबाइल चोरी के मामले में एक गिरफ्तार



**आदित्यपुर(आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती एच रोड निवासी शेख रहमत अली है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी शेख रहमत अली अक्सर मोबाइल चोरी के घटनाओं को अंजाम देकर फरार रहता था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शेख रहमत अली के घर में छापामारी की। छापामारी के दौरान घर से चोरी का मोबाइल बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।**

## टाटा मोटर्स कंपनी परिसर में प्रबंधन और यूनियन ने पूजा अर्चना कर नये वित्तीय वर्ष का किया शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स कंपनी परिसर में नए वित्तीय वर्ष के काम आरंभ से पूर्व पूजा अर्चना की गई। शुक्रवार को सीटीआर डिवीजन से पूजा की शुरूआत की गयी। उसके बाद एक्सेल डिविजन, एचबीटीएल ट्रिम और पेन्ट शॉप व्हीकल फैक्ट्री कॉमन सर्विसेज और फाइनल डिवीजन में पूजा अर्चना के साथ नये वित्तीय वर्ष कि कार्य आरंभ किया गया। मौके पर प्रबंधन की ओर से एचआर हेड मोहन गंट, ई आर हेड शौमिक राय, किरण, नरेंद्र, मनीष वर्मा, संजय सिन्हा के साथ प्रबंधन के सभी वरीय अधिकारी व यूनियन से अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह सहित सभी यूनियन पदाधिकारी शामिल रहे।

## बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र में मतदाताओं को वोट करने के लिए किया जागरूक

केतार(आजाद सिपाही)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को जागरूक करने एवं अपने मतों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रखंड सह अंचल कार्यालय केतार में मतदाता जाग रूकता रथ का स्वागत प्रखंड सह अंचल कर्मियों एवं मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया।प्रखंड कार्यालय केतार में जिला से आए हुए मतदाता जागरूकता रथ का स्वागत करते हुए रैली निकालकर पूरे प्रखंड का भ्रमण किया गया। रैली के जरिए मतदाताओं को अपने मतों का प्रयोग अवश्य करने की बात कही गई। मतदाता जागरूकता हेतु रैली में विभिन्न स्लोगन यथा- अबकी बार 80% के पार, पहले मतदान-फिर जलपान, लोकतंत्र की सुनो पुकार,ना खोना अपना अधिकार आदि के साथ पूरे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया।एछउ फॉर यंग वोटर,एछउ फॉर फ्यूचर वोटर,चुनाव पाठशाला, श्अऋ(वोटर अवेरनेस फोरम) आदि के बारे में बताई गई। उक्त मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी के अलावा जेएसएलपीएस एवं प्रखंड कार्यालय के कर्मी एवं मध्य विद्यालय केतार के छात्र छात्राओं सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## रमना में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

रमना(आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग के और से स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। यह मतदाता जागरूकता रैली टंडवा उपस्वास्थ्य केंद्र से शुरू होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक किया गया। इस अवसर पर लोगो को मतदान को लेकर जागरूकता की गई। स्टार बयान जागरूकता करते हुए कहा कि मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में अपने घरों से लोग निकल कर मतदान अवश्य करे। मौके पर बिटिटी संजय गुप्ता,सहिया साथी रंजू देवी,आशा देवी,ममता देवी,रंजू देवी,रेखा देवी,गीतांजलि देवी,माया देवी सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

# चारों विधानसभा में महिला संपर्क अभियान के तहत बैठक कर बनायी चुनावी रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** तीन दिवसीय प्रवास के तहत जमशेदपुर पहुंची महिला संपर्क अभियान की प्रदेश संयोजक लक्ष्मी कुमारी ने जमशेदपुर महानगर में महिला मतदाताओं को साधने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों को बताने के लिए बैठक कर विशेष रणनीति तैयार की। शुक्रवार को जमशेदपुर महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति अधिकारी के नेतृत्व में जमशेदपुर पुर्वी, पश्चिमी, पोटका और जुगसलाई विधानसभा में आयोजित बैठक में प्रदेश सह संयोजक लक्ष्मी कुमारी, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, पूर्व प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला संयोजक कल्याणी शरण, सह संयोजक राजपति देवी,जिला मंत्री नीलू मछुआ समेत पार्टी के तमाम वरिष्ठ महिला नेताओं के संग विभिन्न मंडलों के महिला मोर्चा अध्यक्ष व मंडलों की गठित 20-20 महिलाओं की टोली ने भाग लिया। बैठक में महिला टोलियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे प्रमुख योजनाओं से अवगत कराया गया। वहीं लोकसभा चुनाव में महिलाओं के समर्थन व आशीर्वाद को भाजपा के पक्ष में करने पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में अबकी बार भाजपा के 370 सीट के साथ एनडीए के 400 पार का नारा दिया है। बैठक में कहा गया आगामी दिनों में मंडलों से 20-20 महिलाओं की टोली अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं से संपर्क करने और मोदी सरकार में नारी शक्ति के उत्थान के लिए किए गए कार्यों और प्रयासों की जानकारी देंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से महिलाओं की चिंता कर उनको अनेकों सौगात दी है। उसका लाभ और प्रधानमंत्री मोदी का संदेश महिला कार्यकर्ता घर-घर पहुंचायेंगे। साथ ही भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। प्रदेश संयोजक लक्ष्मी कुमारी ने बताया महिला मोर्चा का पूरा जोर इस बार हर बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट भाजपा के पक्ष में करने पर है। इसके क्रियान्वयन के लिए जमीनी स्तर पर रूपरेखा बनाई गयी है। मतदान के दिन महिला मतदाताओं को बूथों तक आने में कोई परेशानी ना हो और अधिक से अधिक माताएं-बहनें मतदान केंद्र तक आये, इसके लिए भी रणनीति बनाई गई है। सम्पूर्ण नारी शक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और उनके कार्यों पर भरोसा करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सोच महिलाओं को सशक्त बनाने की है। भाजपा सरकार ने हमेशा बहनों के लिए काम किया है। आज महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी बन गयी है।

# श्री बंशीधर नगर में धर्मांतरण का खेल जारी, प्रशासन बेखबर

## अवैध नशे के कारोबार में दो आरोपी गिरफ्तार



कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार करने के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग गांव से गिरफ्तार कर दो लोगों को जेल भेजा है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि थाना कांड संख्या 34/24 के प्राथमिकी अभियुक्त सेमौरा गांव निवासी प्रदीप कुमार वर्मा उम्र करीब 48 वर्ष पिता राधेश्याम वर्मा को देसी महुआ शराब के खिलाफ भेजा गया है। जो प्रदीप वर्मा के यहां से 25 लीटर अवैध देसी महुआ शराब भी बरामद किया गया है। वहीं दुसरा थाना कांड संख्या 35/24 के प्राथमिकी अभियुक्त सुंडीपुर गांव निवासी कामेश्वर राम उम्र करीब 63 वर्ष पिता स्व जगदीश राम को गांजा रखने एवं बिक्री करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कामेश्वर राम के पास से 1910 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। वहीं दोनों लोगों को गिरफ्तार कर उचित मार्गरक्षण में माननीय न्यायालय में उपस्थित करने हेतु भेजा गया है।

**विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने उपायुक्त से जांच कर दोषियों को सजा देने की मांग की**



प्रशांत सहाय

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर थाना अंतर्गत अलकर और तुल्सीदमर ग्राम में जबरन धर्म परिवर्तन का मामला उजागर होने पर श्री बंशीधर नगर प्रशासन के अलर्ट हो गया है। मामले को गंभीरता को देखते हुए नगर उंटारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने संबंधित गांव में जाकर मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों एवं संबधित परिवारों से जांच पड़ताल करने के बाद थाना प्रभारी ने बताया कि इस पर वरीय अधिकारी गंभीरता के साथ नजर बनाये हुए हैं। प्रारंभिक जांच में अभी तक स्पष्ट रूप से किसी ने जबरन धर्म परिवर्तन के बाद स्वीकार नहीं किया है। उधर, मामले को गंभीरता से लेते हुए विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने उपायुक्त से मिलकर इसकी जांच कर दोषियों को सजा देने की बात कही है।

बतातें चले की अलकर गांव में धर्म परिवर्तन का मामला उजागर हुआ है। जिसमें ग्राम में हिंदू परिवार के यहां मातम होने पर कुछ परिवार उत्सव मना रहे हैं। जो कथित रूप से पूर्व में धर्म परिवर्तन कर हिंदू से ईसाई धर्म को अपनाने वाले परिवार के सदस्य हैं। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर उत्तर में स्थित अलकर और उससे सटे तुलसीदामर गांव में धर्म परिवर्तन होने की बात सामने आयी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया। वहीं डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले पर नजर बनाये हुए हैं। जल्दी उसे गांव में अनुमंडल पदाधिकारी के साथ दौरा कर संबंधित परिवारों से पूछताछ कर उचित कार्रवाई की जायेगी। अलकर और तुलसीदामर दोनों गांवों में हिन्दू समुदाय के 20-25 भोले-भाले परिवारों को अंधविश्वास की आड़ में प्रलोभन देकर ईसाई धर्म मे परिवर्तित कर दिया गया है। वहीं गांव के कई अन्य लोगों को भी धर्म परिवर्तन के लिए डोरे डाले जा रहे हैं। लोगों को तरह तरह के प्रलोभन व उससे भी नहीं मानने वालों दबाव डाला जा रहा है। यह खेल लगभग साल भर से जारी है। इसकी भनक प्रशासन को नहीं है। जबकि इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। हालत यह है कि धर्म परिवर्तन करने वाले और धर्म परिवर्तन नहीं करने वालों के बीच टकराव की स्थिति बनी रहती है। गांव के लोग प्रशासन से इस मामले की तह जाकर जांच कर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### ऐसे हुआ खुलासा

अलकर गांव निवासी विक्रम सिंह के 10 वर्षीय पुत्र की गत 2 अप्रैल को बीमारी से मौत हो गयी थी। मौत के बाद पूरा गांव शोक में डूबा हुआ था। लोग मृतक के परिजन को सांत्वना दे रहे थे। वहीं धर्म परिवर्तन करने वाले लोग बाजे गाजे के साथ जश्न मना रहे थे। गांव में मातम होने पर ऐसा करने पर हिन्दू परिवारों ने कड़ा एतराज जताया, तो धर्म बदलने वाले लोग उग्र हो गये। जिससे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

अलकर गांव के ग्रामीण श्रवण सिंह, विजेंद्र कुमार, विन्देश्वरी सिंह, उमेश कुमार, भरोसा चंद्रवंशी, अनिरुद्ध सिंह, विजय सिंह, रॉकी उरांव, राजन, उमेश सिंह, सुशील सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में धर्म परिवर्तन का खुला खेल बड़ी तेजी से चल रहा है। बाहर से आकर लोग प्रलोभन देकर हिंदूओं को ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का काम कर रहे हैं। हमलोगों को भी कई बार प्रलोभन दिया गया। लेकिन हमलोग अपने धर्म, संस्कृति सभ्यता की रक्षा करने का काम कर रहे हैं। हद तो तब हो गयी जब गांव में मातम था और ईसाई धर्म अपनाने वाले लोग बैंड बाजे के साथ जश्न मना रहे थे।

## गढ़वा जिले को वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में मिलने वाली बिजली शनिवार और रविवार को दिन में बंद रहेगी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिले को वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में मिलने वाली बिजली शनिवार और रविवार को दिन में बंद रहेगी। रिहंद -रेहला 132 केभी लाइन में झारखंड उर्जा संचरण लिमिटेड के द्वारा विनढमगंज में पुराने टावर को हटाने और इससे जुड़े अन्य कार्य के लिए दो दिनों का शडडाउन का प्रोग्राम रखा है। प्रोग्राम के अनुसार शनिवार दिनांक 6 अप्रैल 2024 से 7 अप्रैल रविवार को रिहंद से मिलने वाली बिजली 10:00 बजे प्रात: से संध्या 5:00 बजे तक बंद रखी जायेगी। इस कारण गढ़वा और पलामू क्षेत्रों में दो दिनों के लिए उक्त अवधि में उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पायेगी। मालूम हो कि विगत शनिवार और रविवार को 220 केवी लहलहे भागोड़ीह लाइन के बीच चार टावर गिरने से पलामू एवं गढ़वा जिलों में भीषण विद्युत आपूर्ति का सामना करना पड़ रहा था। जिस कारण रिहंद-रेहला लाइन में चल रहे मेंटेनेंस के काम को बीच में रोक कर बिजली बहाल की गयी, ताकि लोगों को बिजली की किल्लत से निजात दिलाया जा सके। 132 के भी लाइन मे बचे हुए कार्य को पूरा करना भी आवश्यक था, इस कारण सटडाउन का प्रोग्राम रखा गया है। साथ ही उक्त अवधि में 33 और 11 केवी लाइन में पेड़ की टहनी की छटाई की जायेगी।

## धुरकी में तीन वारंटी गिरफ्तार



धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार रात्रि में समकालीन अभियान चलाकर कई वर्षों से फरार चल रहे सगमा रियाज अंसारी शारदा निवासी प्रेमचंद बैठा तथा सगमा निवासी राज मुनि यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि जो भी अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से भागे हुए हैं, वे तत्काल आत्म समर्पण कर दें। इस तरह की छापेमारी हमेशा चलती रहेगी।

## जलमीनार निर्माण के बाद भी पानी की सप्लाई नहीं, जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** गर्मी के पारा चढ़ते ही पेयजल की हो रही समस्याओं को लेकर प्रमुख दीपा कुमारी ने विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इसके लिए प्रमुख ने बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर अवगत कराया है। दिये आवेदन में जल जीवन मिशन योजना के तहत हो रहे कार्य में अनियमितता को लेकर उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवायी की मांग किया है।

उन्होंने कहा है कि प्रखंड में पयेजल की समस्या बनी हुयी है। बिजली बाधित होने के बाद लोगों की पेयजल हेतु चापाकल और सोलर जलमीनार पर निर्भरता बढ़ गयी है। इसलिए पयेजल की समस्या बनी हुयी है।

प्रखंड में पिछले तीन वर्षों से सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत लगभग 45 करोड़ की योजना चल रही है। इस योजना के तहत प्रखंड के दर, हुरहि, करचा, सरांग गांव में ग्रामीणों के घर-घर पाइप द्वारा नल लगा दिया गया है। उसके बाद भी ठेकेदार की लापवाही के कारण पानी सफ्लाई नहीं किया गया है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी ठेकेदार लगातार योजना में अनियमितता बनी हुयी है।

वहीं प्रमुख ने संध्या में नव जलमीनार निर्माण के बाद भी हर घर पानी सफ्लाई नहीं किया जा रहा है, जिसको लेकर अनुमंडल पदाधिकारी से जांच कर कार्रवायी की मांग किया है।

## रंका में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र के खपरो गांव निवासी अजय भुईयां की 17 वषीर्या पुत्री रजनी कुमारी ने शुक्रवार के सुबह करीब नौ बजे अपने घर में लगे कंडी के सहारे गले में फंदा लगाकर फांसी ली है। घटना के समय घर में कोई नहीं था, मृतका के माता-पिता अपने बच्चों के साथ घर से दूर गांव में ही ईंट भट्ठे पर ईटा पाथने अहले सुबह गये हुए थे, घर वापस लौटने पर बेटी को फांसी के फंदे पर झूलते देखा तो घर में चीख पुकार मच गयी। घटना की जानकारी चौकीदार के माध्यम से रंका पुलिस को मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम केलिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। इस बावत जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अनिल कुमार नायक ने बताया कि मृतका पिछले कई माह से मांसिक रूप से विक्षिप्त बतायी जा रही है।

## मुखिया का निलंबन खत्म, प्रभार सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटरी प्रखंड अंतर्गत कोलझिकि पंचायत के निलंबित मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता का निलंबन समाप्त करते हुए मुखिया का प्रभार सौंप दिया गया है। उपायुक्त के आदेशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निलंबित मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता का निलंबन वापस करते हुए उनके सारे अधिकारों को सौंपने का पत्र निर्गत करते हुए उप मुखिया सुनीता देवी का मुखिया का प्रभार समाप्त कर अजय प्रसाद गुप्ता को मुखिया का प्रभार हस्तांतरण करने का निर्देश जारी किया है। जिसके बाद मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता को सभी अधिकारों के साथ पूर्ण रूप से मुखिया का पद पुनः प्राप्त हो गया अजय प्रसाद गुप्ता को पुनः मुखिया का पद मिलने पर उनके प्रशंसको ,पंचायत वासियो में हर्ष व्याप्त है लोगों ने अजय प्रसाद गुप्ता को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

## तीन जुआरी गिरफ्तार, 71 हजार रुपये बरामद



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के भवनाथपुर में जुआ खेलते तीन जुआरी पकड़े गये हैं। उनके पास से 71 हजार रुपये नगद बरामद किया गया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए तीनो को न्यायिक हिरासत भेज दिया है। समाचार के अनुसार भवनाथपुर गैस गोदाम के पिछे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बड़े पैमाने पर जुआ का खेल चल रहा है। पुलिस ने थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के आदेश पर गुरुवार देर शाम छापेमारी किया जहां से बजार निवासी आनंद कुमार गुप्ता पिता प्रदीप साह, ढिकुलिया निवासी अमलेश साह पिता विष्णु देव साह तथा चंदनी खरौंधी निवासी, सुधीर जयसवाल पिता जवाहर साह को पकड़ा वह8न पुलिस ने तीनों के पास से 71,100 रूपये नकद बरामद किया है जिसे जब्त किया गया है। विदित हो कि भवनाथपुर के विभिन्न जगहों पर ठिकाने बदलकर जुआ खेलने का सिलसिला चलता रहता है।

## अवैध नशे का कारोबार में दो गिरफ्तार

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार करने के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग गांव से गिरफ्तार कर दो लोगों को जेल भेजा है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि थाना कांड संख्या 34/24 के प्राथमिकी अभियुक्त सेमौरा गांव निवासी प्रदीप कुमार वर्मा उम्र करीब 48 वर्ष पिता राधेश्याम वर्मा को देसी महुआ शराब के खिलाफ भेजा गया है। जो प्रदीप वर्मा के यहां से 25 लीटर अवैध देसी महुआ शराब भी बरामद किया गया है। वहीं दुसरा थाना कांड संख्या 35/24 के प्राथमिकी अभियुक्त सुंडीपुर गांव निवासी कामेश्वर राम उम्र करीब 63 वर्ष पिता स्व जगदीश राम को गांजा रखने एवं बिक्री करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कामेश्वर राम के पास से 1910 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। वहीं दोनों लोगों को गिरफ्तार कर उचित मार्गरक्षण में माननीय न्यायालय में उपस्थित करने हेतु भेजा गया है।

## सोनपुरा गांव के पांच घरों में आग लगने से पांच लाख की संपत्ति का नुकसान

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ग्राम बलियारी के टोला सोनपुरा निवासी विजय राम, राम पवन राम, पिता महेशी राम, संजय राम, पिता राम गहन राम, कमलेश राम, प्रेम राम, पिता मंदीप राम के खपड़ैल मकान में शुक्रवार के शाम में चार बजे अचानक आग लगने से पांच लोगों की घर जल कर राख हो गयी। इस आगजनी में घर में रखे अन वस्त्र खाट विस्तर पैसा गहना और आवश्यक दस्तावेज जलकर राख हो गया। इस आगजनी से लगभग पांच लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ। इस संबंध में भूक्तभोगी ने बताया कि हम सभी लोग अपने खेतो काम करने गये थे, उसी दौरान घर में आग की लपटें देखकर ग्रामीणों ने शोर कर आगजनी के बारे में बताया घर में आग कैसे लगी, उसकी जानकारी नहीं हो पायी। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया, तब तक घर जलकर राख हो गयी। आगजनी के सूचना पाकर बीडीओ सह सीओ मोहम्मद अफताब आलम घटना स्थल पर पहुंच कर वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए राजस्व कर्मी को निर्देश दिया कि आगजनी से हुई पीड़ित परिवारों की नुकसान जांच कर रिपोर्ट दें, ताकि पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलायी जा सके।

## उरांव टोला में अंधविश्वास की अंधेरी छाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना अंतर्गत जंगीपुर उरांव टोला में डायन विसाहि और अंधविश्वास को लेकर एक बार पुनः मामला सामने आया है। ताजा मामला जंगीपुर उरांव टोला निवासी विजय उरांव पिछले गुरुवार को बभनी घाट डैम के निकट स्थित शमशान घाट पर हाल ही में एक शव जलाये गये स्थान से मिट्टी लाकर टोले के ही राजू उरांव को दिया था। इस मामले में स्वर्गीय योगेंद्र उरांव के परिजन उसके साथ मारपीट कर करीब चार घंटे तक अपने घर में बंधक बनाये रखें शाम 7:00 बजे के बाद पुलिस के हस्तक्षेप के बाद विजय को मुक्त किया गया, अन्यथा कोई अनहोनी हो सकती थी। इस मामले में स्वर्गीय योगेंद्र यादव की पत्नी कमला देवी और भतीजा अमरेश उरांव ने बताया कि योगेंद्र की मौत पिछले 29 मार्च को हो गयी थी, योगेंद्र का अंतिम संस्कार बभनीखड्डु डैम के निकट शमशान में किया गया था। सातवें दिन गोतिया विजय उरांव के द्वारा शव जलाये गये स्थान से मिट्टी और राख लाकर राजू उरांव को दिया गया। अमरेश ने बताया कि उसे स्थल से मिट्टी और राख क्यों लाया, इस संबंध में पूछताछ के लिए विजय उरांव के दरवाजे पर बैठाया था। विजय के साथ मारपीट नहीं किया गया है पुलिस आने के बाद उसे छोड़ दिया। विजय उरांव ने बताया कि राजू उरांव की विवाहिता पुत्री 25 वर्षीय सीमा देवी की तबीयत खराब थी राजू ने शमशान का मिट्टी मुझे लाने के लिए कहा था, इसलिए मैं मिट्टी लाकर उसे दिया था। इस मामले में अमरेश उरांव आदि ने मेरे साथ मारपीट कर अपने घर में बंधक बना लिया था।



शमशान घाट से उठाकर लायी गययी मिट्टी

उल्लेखनीय है कि जंगीपुर उरांव टोला में अंधविश्वास की वारदात कई बार उजागर होती आयी है। 2022 में भी उरांव टोला निवासी मुन्ना उरांव की 26 वर्षीय पत्नी गुड़िया देवी के बड़ी निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी गयी थी, उसकी हत्या उसकी सगी बहन ललिता देवी और बहनोई दिनेश उरांव के द्वारा करने का मामला सामने आया था। हत्या के बाद पुलिस प्रशासन की ओर से टोला पर जागरूकता अभियान चलाया गया था, परंतु अंधविश्वास की अंधेरी छाया उरांव टोला को अभी तक अपने गिरफ्त में ली हुई है।

इस संबंध में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के द्वारा बंधक बनाये गये व्यक्ति को छुड़ा दिया गया है, अंधविश्वास में पड़कर ऐसा किया गया था, जल्दी ग्रामीण इलाकों में जाकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर से धक्का लग जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल

केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के खैरवा सोन नदी और पंडा नदी से प्रतिदिन सैकड़ों टाली अवैध बालू का उत्खनन प्रतिदिन हो रहा है। और ऊंची कीमत पर दूसरे प्रखंड में धड़ल्ले से बिक्री की जाती है। बालू माफिया रात में सक्रिय हो जाते है, और बालू लदे ट्रैक्टर को हाई स्पीड में धुलाई करते है। सबसे बड़ी बात तो यह है की अधिकतर ट्रैक्टर चालक नाबालिग होते है, जिससे आये दिन दुर्घटना घटती रहती है। जबकि केतार थाना से सिर्फ पांच सौ मीटर से ट्रैक्टर गुजरती है, लेकिन इसका भनक प्रशासन को नही मिल पाता। इससे साफ जाहिर होता है कि इस उत्खनन कार्य में प्रशासन की भी मिली भगत है। गुरुवार की रात बिजडीह के हरिजन टोले में बालू लदे ट्रैक्टर से दो गाय और दो लोगों को धक्का मारते हुए घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। गुस्साये गांव वालों ने शुक्रवार की सुबह पांच बजे से नौ बजे तक सड़क पर मुआवजा को लेकर हंगामा कियो। इसकी सूचना मिलते ही केतार थाना प्रभारी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस को देख लोग भड़क गये और आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे। किसी प्रकार लोगों को समझा बुझा कर शांत किया गया। दुर्घटना में घायल लोगों को ट्रैक्टर मालिक के द्वारा पचास हजार की मुआवजा देकर मामले को रफा दफा किया गया।

## ग्रामीणों की शिकायत पर उपस्वास्थ्य केंद्र केतार की जांच करने पहुंची प्रमुख चंद्रावती

केतार (आजाद सिपाही)। ग्रामीणों की शिकायत पर उपस्वास्थ्य केंद्र केतार की जांच करने प्रमुख चंद्रावती देवी पहुंची। जांच करने पहुंची प्रमुख ने उपस्वास्थ केंद्र में ताला लटका पाया। प्रमुख चंद्रावती देवी ने बताया कि एक माह से ग्रामीणों की शिकायत मिल रहा था। जिसकी जांच करने पहुंची थी। ग्रामीणों की शिकायत सही पायी। उपस्वास्थ्य केंद्र में कोई भी कर्मी उपस्थित नहीं थे। उन्होंने बताया कि सीएचओ रितु रानी और एमपीडब्ल्यू मनोज पाठक हमेशा अनुपस्थित रहते है। प्रमुख के द्वारा सीएस से दूरभाष के माध्यम से बात कर जानकारी दी। सीएस के द्वारा कहा गया कि तुरंत जांच कर कार्रवाई किया जायेगा। वहीं प्रभारी डॉक्टर रंजन दास ने बताया की एएनएम का तबियत खराब है। और सीएचओ प्रतिदिन बैठती है उनके द्वारा ऑफिस से फोटो भेजा जाता है, आज इनका ट्रेनिंग है। अगर 1 महीना से बंद है तो सीएचओ और एमपीडब्ल्यू को लेटर भेजकर स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर कार्रवाई किया जायेगा। इस मौके पर सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद उपस्थित थे।

## भारतीय चिकित्सा पद्धति के प्रसार को रोकने का किया जा रहा है प्रयास : रासबिहारी

**पुराने कानून में संशोधन करे केंद्र सरकार : पतंजलि योग समिति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की बैठक बिशुनपुर स्थित योग कक्षा में पतंजलि सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में योग, आयुर्वेद तथा प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व तथा उसे जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गयी।

श्री तिवारी ने कहा कि हमारे पूर्वज योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा को अपना कर रोग मुक्त जीवन जीते थे तथा रोगों का उपचार करते थे। आज उसी विधा से पतंजलि योगपीठ में योग गुरु स्वामी रामदेव जी तथा आचार्य बालकृष्ण तथा कुशल योग चिकित्सकों की टीम के द्वारा मोटापा, मधुमेह, बीपी, थायराइड, एपिलेप्सी, बांझपन, मासिक धर्म की अनियमितता, हिस्टीरिया, पथरी, प्रोस्टेट, मंदबुद्धि, कैंसर आदि असाध्य रोगों का सफल उपचार तथ्य और प्रमाण के साथ किया जा रहा है।



पतंजलि की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

वहीं लाखों लोग घर बैठे योग करके रोग मुक्त हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ड्रग और मेडिकल माफिया के द्वारा इलाज के नाम पर खुली लूट की जा रही है। उनके द्वारा ड्रग और मैजिक कानून 1954 की आड़ में कोर्ट का सहारा लेकर भारतीय चिकित्सा पद्धति के प्रसार को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। वह कानून अंग्रेजो द्वारा 1940 में बनाया गया था, जिनके पास उपरोक्त रोगों का कोई इलाज नहीं था। इसी का नकल करके तत्कालीन भारत सरकार द्वारा ड्रग एंड मैजिक एक्ट 1954 बनाया गया। सोशल मीडिया राज्य प्रभारी संतोष कुमार पांडे, गोपाल मिश्रा आदि के द्वारा ऐसी सभी कानून जो भारतीय शिक्षा, चिकित्सा संस्कृति के मार्ग में बाधा बन रहे हैं उसमें केंद्र सरकार से तुरंत संशोधन करने की मांग की गयी।

बैठक में कन्हैया लाल गुप्ता, शिवनारायण प्रसाद यादव, अंजनी तिवारी, उपेंद्र कुमार, दिलीप तिवारी, श्रवण कुमार, सच्चिदानंद तिवारी, सूर्य देव दुबे आदि कई लोग थे।

## रामनवमी पूजा मनाने को लेकर बैठक संपन्न

रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री सीताराम मानस मंदिर के प्रांगण में रामनवमी पर्व को लेकर स्थानीय रामभक्तो के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसमे मंदिर के प्रांगण में नवाहपारायण पाठ कराने, मंदिर को फुल डेकोरेशन से सजाने, गुलहरी बांध से बस स्टेंड होते हुए भगत सिंह चौक तक महावीरी झंडा लगाने, रामनवमी के दिन प्रत्येक वर्ष की तरह भव्य शोभायात्रा निकालने आदि पर निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल संचालन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सुनील गुप्ता को अध्यक्ष,अभिषेक रानू को सचिव, प्रदीप कुमार यादव कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। वहीं सक्रिय सदस्य के रूप में प्रकाश सोनी, रिशु कुमार, शुभम कुमार, अमित कुमार, प्रभात कुमार, सुजीत कुमार, भानु कुमार, आशीष गुप्ता, चंदन गुप्ता, सुमित चंद्र, आशीर्वाद कुमार, विष्णु कुमार, ओम प्रकाश सिंह, विवेक गुप्ता, मंतोष पासवान, निखिल मदनवाल, चंदन यादव, हिमांशु पाठक, सचिन पांडे के अलावे संरक्षक के रूप में श्री सीताराम मानस मंदिर कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, सचिव धनंजय प्रसाद गुप्ता, ललित किशोर, मुन्ना प्रसाद, दिनेश गुप्ता सहित अन्य लोग का नाम सामिल है।

## दुर्गावाहिनी का गठन, रीना बनीं संयोजक



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सूर्य मंदिर के प्रांगण में आयोजित विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में बैठक कर दुर्गावाहिनी का गठन किया गया। जिसमें संयोजक रीना देवी, सह संयोजक प्रियंका कुमारी और तमन्ना कुमारी, प्रखंड मंत्री श्रेया गुप्ता, संगठन मंत्री अनु कुमारी, सह संगठन मंत्री निभा गुप्ता, सूचना प्रभारी रिचा कुमारी को बनाया गया। मौके पर मुखिया बेबी देवी ने कहा कि इस तरह का महिलाओं और लड़कियों का संगठन हमारे क्षेत्र के लिए अति आवश्यक है, इससे उनमें जागरूक करने की क्षमता आती है। सह संयोजक प्रियंका कुमारी ने कहा कि इस संगठन के माध्यम से हम सभी बहनें मिलकर अन्य बहनों को लव जिहाद से बचाने और धर्म, संस्कृति से जोड़ने का कार्य करेंगे, साथ ही इस रामनवमी पूजा महोत्सव में हम सभी बहने भी भाग लेंगी। बैठक का संचालन विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष आशुतोष वैद्य ने की। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह नीतीश कुमार, श्री राम नवमी पूजा समिति के उपाध्यक्ष रंजीत गुप्ता और अमित गुप्ता, ओमप्रकाश आर्य, शंकर शाह, वेद प्रकाश आर्य, चंदन कुमार, प्रियंका कुमारी, साक्षी कुमारी, खुशबू कुमारी, निभा गुप्ता, श्रेया गुप्ता, रिचा कुमारी, तमन्ना गुप्ता, अनु कुमारी, मालती देवी, सत्येंद्र गुप्ता, बृजेश कुमार, सौरभ गुप्ता, अमन कुमार, विकास गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## विभिन्न मतदान केंद्रों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** आसान्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी के मद्देनजर लातेहार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों व क्लस्टरों का निरीक्षण किया। वही जेएसएलपीएस के तरफ से बेतला क्लस्टर के कुटमु चौक में उपायुक्त लातेहार के समक्ष वोटर जागरूकता को लेकर, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर, स्लोगन जेएसएलपीएस के दीदियों के साथ जागरूकता का कार्यक्रम किया गया।वहीं मौके पर प्रशिक्षु पुलिस अधीक्षक सह बरवाडीह थाना प्रभारी ललित मीणा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकेटेश कुमार,अपर समाहर्ता रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज समेत कई लोग मौजूद थे।

### लोहरदगा के दो मंदिर में चोरी की वारदात का खुलासा

## सरगना समेत तीन गिरफ्तार

**जेल से बाहर निकल कर मंदिर में चोरी की वारदात को दिया अंजाम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने शहरी क्षेत्र के दो मंदिरों में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी करने की घटना का उदभेदन महज 24 घंटे के भीतर करते हुए इस चोरी की घटना में शामिल सरगना समेत तीन को गिरफ्तार किया है।

पुलिस गिरफ्त में आए चोरों की पहचान किस्को बेठर चिगलाटोली निवासी राजा उरॉव, पेशरार के केरार गांव निवासी कार्तिक उरांव व चोरी के समान को खरीदने वाला कबाड़ी दुकानदार न्यू रोड निवासी रियाजत हुसैन के रूप में किया गया है। चोरों ने मंदिरों से चुराए गए सामान को महज 2100 रुपये में कबाड़ी दुकानदार रियाजत हुसैन को बेच दिया था। जिसे चोरों के निशानदेही पर बरामद किया गया।



बरामद सामानों में मंदिर से चुराए गए पीतल के बड़ा घंटा, परात, गमला, कलश, लोटा, कमण्डल, तसला, छोटा घंटा, बड़ा कलश समेत अन्य सामान शामिल है। इस संदर्भ में पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने पत्रकारों को बताया कि हनुमान मंदिर और दुर्गा मंदिर में हुई चोरी की शर्मनाक घटना का उदभेदन के लिए पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निदेर्शानुसार स्पेशल टीम गठित किया गया था। स्पेशल टीम ने सीसीटीवी फुटेज के सहारे से अपराधियों की पहचान की और उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित किया गया। गिरफ्तार अपराधियों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि चोरी के सामान को कबाड़ी को बेच दिया है। इसके बाद कबाड़ी दुकानदार के घर पर पुलिस ने तलाशी ली तो सारे समान बरामद किया गया।

छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर, पुअनि आदर्श कुमार, संजय कुमार, सअनि अरबिन्द कुमार शर्मा, चंद्रदीप मेहता, सत्यकिशोर कुमार, मुकेष कुमार समेत अन्य शामिल थे।

**आपराधिक पृष्ठभूमि और सीसी कैमरे से वारदात का हुआ खुलासा :** शहरी क्षेत्र के दो मंदिरों में चोरी की सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने जब मंदिर के आसपास लगे सीसी कैमरा को खंगाला, तब आरोपियों की साफ पहचान नहीं हो रही थी पर, उनके चलने और कद काठी की पहचान हो गयी। चोरी के पेशेवर अपराधियों की रजिस्टर पर जब पुलिस ने इसे मैच किया तो, आरोपियों की शिनाख्त हो गयी। पुलिस गिरफ्त में आने के बाद आरोपी राजा और कार्तिक ने पूरे वारदात का खुलासा करते हुए अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया। दोनो अपराधी पूर्व में भी गृह भेदन, चोरी आदि के वारदातों में जेल जा चुका है। चंद दिनों पूर्व दोनों आरोपी जेल से जमानत पर रिहा होकर बाहर निकले थे।

## ईवीएम वेयरहाउस का त्रेमासिक निरीक्षण

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा ईवीएम–वीवीपैट वेयरहाउस का त्रेमासिक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/ सचिव और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिला के अंतर्गत पलाश (जेएसएलपीएस) द्वारा कुडू, कैरो एवं पेशरार प्रखंड में एसएचजी, वीओ, सीएलएफ स्तर पर स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीप के बैनर तले सखी मंडल की दीदियो के द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर चार्ट पेपर के माध्यम से स्लोगन (मतदान हमारा अधिकार है) को लिखकर और सांकेतिक चित्र के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। सखी मंडल की दीदियो के द्वारा स्वीप पर शपथ और रैली निकालकर लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस क्रम में कैरो प्रखंड में प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय तथा जेएसएलपीएस के द्वारा संयुक्त रूप से स्वीप पर शपथ और रंगोली के साथ लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। बैठक में सखी मंडल की दीदियों के द्वारा स्वीप शपथ दिलाया गया।

## अलविदा जुम्मे की नमाज अदा कर लोगों ने मांगी अमन चैन की दुआ



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में पाक पवित्र माह रमजान माह के मौके पर मुस्लिम धर्मावलम्बियों के लोगों ने रमजान माह के शुक्रवार को आखिरी जुम्मा पर अलविदा जुम्मे की नमाज पढ़ी गयी। जिसमें प्रखण्ड क्षेत्र के सेरेंगहातु, उगरा, चितरी डॉडू, सेन्हा, अरु, कल्हेपाट, झखरा, भंगाडी, अरु बांधटोली, तोड़ार सहित विभिन्न गांव के मस्जिदों में सौहार्द के साथ शांतिपूर्वक ढंग से अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गयी। देश में अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गयी। वही नमाज अदा करने से पहले इमाम हाफिज गुलाम मुस्तफा द्वारा अपनी तकरीर में रमजान और अलविदा जुम्मा के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए, रमजान में रोज रख कर इबाबत करने तथा नेकी के राहों चलने के लिये बताया गया। साथ ही लोगों ने कहा कि पाक पवित्र रमजान माह में रोजा रखना सभी मुसलमानों का धर्म है। रोज रख कर सभी के साथ बेहतर संबंध रखना और गम तथा खुशी के वक्त सभी का साथ देना चाहिये। पुलिस प्रसाशन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी प्रबंध की गयी थी। मौके पर सदर मोख्तार अंसारी, सेक्रेटरी अजरुद्दीन अंसारी के अलावे गफार अंसारी, इम्तियाज अंसारी, मंसूर अंसारी, जमहीर अंसारी, अफरोज अंसारी सहित मुस्लिम धर्मावलंबियों के अन्य लोग मौजूद रहे।

## रोजेदारों ने अकीदत के साथ अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की

**मुकेश कुमार सिंह**

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा मुस्लिम धर्मवालंबियों ने बड़ी अकीदत के साथ अलविदा जुम्मे की नमाज अदा कि रोजेदारों से पूरी मस्जिद भरी थी। रोजेदारों के चेहरों पे खुशियां देखी गयी जिला एवं प्रखंड के सभी मस्जिदों में तकरीर और देश में अमन चैन भाईचार बने की दुआओं के साथ चंदवा के जमा मस्जिद फातिमा मस्जिद मक्का मस्जिद कुजारि मस्जिद कामता अल्लौदिया बाजार ताड़ चकला ब्राह्मणी में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा किया गया।



**अलविदा जुम्मे की नमाज के क्या है महत्व :** रमजान का आखिरी जुम्मा क्यो है। इस्लाम धर्म में विशेष महत्व है और रमजान के पाक महीने के का जुम्में की अहमियत और बढ़ जाती है। रमजान के आखिरी जुमा को अलविदा जुमा कहा जाता है। आज रमजान का आखिरी जुमा है।

ऐसी मान्यता है कि जो लोग हज की यात्रा के लिए नहीं जा पाते अगर वे इस जुम्मे के दिन पूरी शिद्दत और एहतराम के साथ नमाज अदा करें तो उन्हें हज यात्रा करने के बराबर स्वाब नेकी मिलता है। अलविदा जुम्मे को अरबी में जमात-उल-विदा के नाम से जाना जाता है।

अलविदा जुम्मे की नमाज को लेकर मस्जिदों में एक अलग ही रौनक देखने को मिलती है। सभी लोग नए वस्त्र पहनकर नमाज अदा करने के लिए जाते हैं। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी लोग इस दिन मस्जिदों में इबादत करते हैं।

अलविदा जुम्मे के बाद ईद का पर्व मनाया जाएगा। जिसे ईद-उल-फितर या मीठी ईद के नाम से जामा जाता है। ईद का पर्व इस्लामिक कैलेंडर के 10 वें महीने की पहली तारीख को चांद देखने के बाद हर साल मनाया जाता है। इस महीने की पहले चांद वाली रात को ईद-उल-फितर का पर्व मनाया जायेगा।

## बिजली पोल से तार हुई चोरी

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत अन्तर्गत आराहांसा गांव के टोगरी टोली से जोभी रास्ता तक लगभग 40 बिजली का खंभा में लगाए गये बिजली की तार को अज्ञात चोरों ने गुरूवार रात्रि को चुरा लिया। सुबह जब ग्रामीण गांव से टोगरी टोली के तरफ खेत में गये तो देखे की बिजली का खंभा से तार गायब था। बिजली तार चोरी की बात गांव में फैल गया। जिसे आराहंसा गांव के ग्रामीणों ने सेन्हा थाना में और बिजली विभाग के एसडीओ को लिखित आवेदन देते हुए बिजली तार चोरी होने का जानकारी दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की तार की चोरी होने से गांव में अंधेरा छा गया है। जिसे ग्रामीण अंधेरा में रहने को विवश है। ग्रामीणों द्वारा प्रशिक्षु आइपीएस सह सेन्हा थाना प्रभारी वेदांत शंकर और बिजली विभाग के एसडीओ को तीन दर्जन ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया है।

## दावत ए इफ्तार कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ रामेश्वर उरांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** शुक्रवार को लोहरदगा प्रखंड अंतर्गत ग्राम हिरही में अंजुमन इस्लामिया हिरही द्वारा माहे रमजान के मुबारक अवसर पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए। जहां पर देश की गंगा जमुनी तहजीब की झलक साफ नजर आई। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। इस सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी में हिन्दू, मुस्लिम सहित सभी समुदाय के सैकड़ों लोगों बड़े-बुजूर्ग, नौजवान व बच्चों ने बड़ी संख्या में शिरकत की और देश में शांति सौहार्द व आपसी भाइचारे की कामना किया। मौके पर स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की माह ए रमजान



एकता व भाईचारगी की सीख देता है। इसमें मुस्लिम भाई शरीर और आत्मा के लिए अशुद्ध मानी जाने वाली सभी चीजों से परहेज करते हुए ईश्वर से जुड़ते हैं। हमें मिल जुलकर सभी त्योहारों को मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सामूल अंसारी, इकबाल खान, मुजम्मिल अंसारी, ऐजाज अंसारी, अंजुमन इस्लामिया के सादर नेजाम अंसारी, सेक्रेटरी हफीजुल अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## धोबी समाज के सरंक्षक का निधन

**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय धोबी महासंध के संस्थापक सदस्य तथा धोबी समाज के सरंक्षक लंकेश्वर सेठ का आकस्मिक निधन हो गया। निधन की सुचना पर धोबी समाज के कई पदधारी उनके आवास पर पहुंचे तथा शोक संवेदना व्यक्त किया। कहा कि लंकेश्वर सेठ ने झारखंड में धोबी समाज को एकजुट तथा जागरूक करने के लिए लगातार समाज के सदस्यों को सुझाव देते रहें थे। लंकेश्वर सेठ के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा युवा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैठा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार लोहरदगा जिला अध्यक्ष राकेश कुमार रजक, लोचन बैठा, दिलिप बैठा, संतोष बैठा, बरूण बैठा सहित अन्य शामिल रहें।

## सीओ ने बीएलओ और पर्यवेक्षकों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में सीओ सह प्रखंड निबंधन निर्वाची पदाधिकारी ने बीएलओ तथा बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर बूथ स्तर पर विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही सीओ सह प्रखंड निबन्धन निवार्ची पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों को बताते हुए कहा कि हुए मतदान केंद्र पर इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम होना है। साथ ही मतदाता व मतदान कर्मी के लिये सब्जी मतदान केंद्रों में बिजली पानी, रैंप व शौचालय की व्यवस्था पर चर्चा किया गया। मौके पर अंचल निरीक्षक अनुज कुमार, पर्यवेक्षक सुजीत उरांव, रिजवान अख्तर, नागमणी उरांव, मुदस्सर हुसैन, गुहा उरांव, बाल विकास पर्यवेक्षिका परमुनी देवी सहित सभी बीएलओ मौजूद थे।

### पीवीटीजी समुदाय के लाभुकों को पिछले दो माह से नहीं मिला राशन

## बरवाडीह प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के पीवीटीजी समुदाय के लाभुको को पिछले दो माह से राशन नहीं मिल रहा है। जिसे लेकर शुक्रवार को पूर्वी जीप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को नावाडीह, चुगरु, हरातू, जुरूहार, हिंदेहास और मुर्गीडीह समेत अन्य गांव के सैकड़ों लाभुकों ने बरवाडीह प्रखंड कार्यालय का घेराव किया । प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि को आवेदन देते हुए अनाज मुहैया करने का अनुरोध किया है।

आवेदन के अनुसार बरवाडीह प्रखंड के पीवीटीजी लाभुकों को फरवरी और मार्च माह का राशन नहीं मिला है। लाभुको का कहना है कि वह कई वरीय पदाधिकारियों से इसकी शिकायत की लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ हर बार



सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। हमलोग के परिवार के सदस्य इसी राशन पर निर्भर हैं। राशन नहीं मिलने के कारण स्थिति दयनिय हो गयी है।

वही इस संबंध में पूर्वी जीप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि पीवीटीजी परिवार को दो माह से राशन नही मिलने से स्तिथि भयावह हो गयी है। विभाग और सरकार की लापरवाही को दशार्ती है। जंहा कमीशन की बात होती है। वो काम जल्द हो जाता है। बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। सभी विभागों में लूट मची हुई है। एक-एक कर्मी को दो-तीन विभागों का प्रभार दे दिया गया है। जिसके कारण आम लोगों का काम भी नहीं हो पा रहा है। अगर यही आलम रहा तो 10 अप्रैल के बाद पुरजोर तरीके से आंदोलन किया जायेगा और पूरे मामले को जिला परिषद की बैठक में पुरजोर तरीके से उठाने का कार्य किया जायेगा।

**क्या कहते हैं प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि**

इस संबंध में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि ने बताया की पीवीटीजी परिवारों को पैकेट (यानी प्लास्टिक के बोरी) में पैक करके अनाज मुहैया कराया जाता है। और पैकिंग करने वाला पैकेट (यानी बोरा) उपलब्ध नहीं होने के कारण उन लोगों को अनाज मुहैया नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर मेरे द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भी पत्राचार किया गया है। परंतु उनके द्वारा यह कहा गया है कि अपने द्वारा मैनेज कर-के अनाज को पैकेट में पैक करे और अविलंब पीवीटीजी परिवारों को मुहैया करायें। साथ ही उन्होंने कहा कि 10 अप्रेल से पहले तक सभी लोगों को अनाज मुहैया करा दिया जायेगा।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को आज बाइक रैली

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 06 अप्रैल 2024 को जिला के शहरी क्षेत्र में बाईक रैली का आयोजन किया जायेगा। यह बाईक रैली सुबह 9 बजे समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से प्रारंभ होगी जो कचहरी मोड़, ब्लॉक मोड़, साईडिंग, पावरगंज चौक, न्यू रोड, बरवाटोली चौक, मिशन चौक, महावीर चौक, बड़ा तालाब, पावरगंज चौक, कोर्ट रोड, मैना बगीचा होते हुए वापस समाहरणालय मैदान में संपन्न होगी। उक्त जानकारी सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग–सह–समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा दी गयी।

## द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को मिला प्रशिक्षण



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए प्रतिनियुक्त द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को गुरुवार को नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कुल 350 से अधिक पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। आज प्रशिक्षण में प्रथम मतदान पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के प्रशिक्षण अंतर्गत अपने दायित्वों का बिना चूक निर्वहन करने, अपने सहकर्मियों के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने, पीठासीन पदाधिकारी का सहयोग करने व सहयोगियों के बेहतर समन्वय रखते हुए कार्य करने, मतदान सामग्री के बारे जानकारी रखने व मतदान केंद्र में उन सामग्री की व्यवस्था, ईवीएम व वीवीपैट के लिए आवश्यक सीलिंग सामग्री, मतदान के पूर्व की तैयारी, मतदान के दिन की तैयारी, मॉक पोल, मतदान प्रारंभ करने से संबंधित, आवश्यक प्रपत्रों को भरे जाने संबंधित विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गयी। प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण निर्देश मतदान पदाधिकारियों को दिए। 6 अप्रैल 2024 को द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का समापन होगा।

## मतदाता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर स्वीप के तहत युवा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, लातेहार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग सुरजीत कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला खेल पदाधिकारी



संजीत कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम संतोष कुमा, स्कूल की प्रिंसिपल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में युवा मतदाताओं को मतदान की महत्ता की जानकारी दी एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान तिथि 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

मतदाता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, लातेहार, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, लातेहार, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, लातेहार, डिग्री कॉलेज मनिका के छात्र-छात्राओं द्वारा नाट्य मंचन, गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से मतदान तिथि 20 मई को अधिक से अधिक मतदान करने का जागरूकता का संदेश दिया गया।

चलो मतदान करें, हे देश के प्रिय मतदाता, निर्वाचन संबंधित गीत, नृत्य आदि द्वारा छात्र छात्राओं ने निष्पक्ष व निर्भीक बन कर वोट डालने का आह्वान किया। इस दौरान नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार द्वारा मोमेंटो देकर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## सेन्हा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम के ठाकुर टोला स्थित पक्का मकान में 18 वर्षीय युवक ने पंखे में रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या किया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बरही ग्राम स्थित ठाकुर टोला निवासी जगदीश बैठा का 18 वर्षीय पुत्र विष्णु बैठा अपने पक्का मकान में पंखे से फांसी लगा कर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया। घटना देर रात का बताया जा रहा है। घटना की सूचना



शुक्रवार सुबह प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर को मिलते ही उनके निर्देश पर एएसआइ रामचन्द्र मांझी व असरफी बहेलिया दलबल के साथ मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज घटना की जांच में पुलिस जुट गयी है।

## अलविदा जुम्मे में उमड़ी नमाजियों की भीड़

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड में क्षेत्र में रमजान के अलविदा जुम्मे की नमाज में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्राय: मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ी। अकीदतमंद जुमे की नमाज को लेकर समय से दो घंटा पहले से ही मस्जिदों में जुटने लगे थे। मस्जिद ए कादिरिया में जुमे की नमाज कारी नौशाद आलम मदरसा फैजान ए गरीब नवाज भंडरा के मोदरीश ने पढ़ाई। जबकि जमा मस्जिद में जुमे की नमाज मौलाना बेलाल ने पढ़ाई। दूसरे अन्य मस्जिदों में संबंधित खतीबों ने जुम्मे की नमाज अदा करायी। इस मौके पर सदर परवेज अंसारी, सेक्रेटरी अनवर अंसारी, खुर्शीद आलम, तोहिद आलम, हाफिज महमूद अंसारी, अब्दुल कुदुस, सलमान आलम, यूसुफ, असलम अंसारी आदि मौजूद थे।

## निर्देश : कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प

# अति आत्मविश्वास में नहीं रहना है : वीडी राम











डाल्टनगंज और विश्रामपुर में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल बाबूलाल मरांडी, वीडी राम व अन्य।

**बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में आयोजित सभा में उमड़ी भारी भीड़**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर/विश्रामपुर।** विश्रामपुर में शुक्रवार को आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के सात प्रखंडों और दो निकायों के सभी अध्यक्ष और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी और संचालन जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया। सम्मेलन में पिछली बार के मुकाबले इस बार वोट का प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा हुई। पलामू से पार्टी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को तीसरी बार जिताने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। सम्मेलन में वीडी राम ने कहा कि अति आत्मविश्वास में नहीं रहना है। मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक परिवार को मिला है। उन लाभार्थियों से मिलें और भाजपा की नीति-सिद्धांतों से अवगत करायें। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि सांसद वीडी राम का 10 वर्षों का कार्यकाल विकास के नाम रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्ति नहीं, एक शक्ति का नाम है। इसके अलावा सम्मेलन को प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पूर्व सांसद घुरन राम, आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी और ड्डाजपा नेत्री संध्या सिंह ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर ओम प्रकाश तिवारी, विभाकर पांडेय, नरेंद्र पांडेय, सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, भोला चंद्रवंशी, अनुज पांडेय, सुनील पासवान, बबन राम, राजन पांडेय, अमरेश तिवारी, उपेंद्र तिवारी, विकास चौबे मंटू, ज्वाला गुप्ता, गोपाल सोनी, संतोष चौबे, सतीश्वर प्रसाद सिंह, शंभू शरण सिंह, किरण देवी सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे।

# यज्ञ का प्रसाद खाने व पौधा लगाने से स्वस्थ होगी आने वाली पीढ़ी : कौशल

**कहा - समाज के परमार्थ के लिए ही धरा पर अवतरित होते हैं संत सरोवर और तरुवर**

**चैनपुर में गायित्री महायज्ञ की पूणार्हुति पर पर्यावरणविद ने 51 पूजनीय पौधा का किया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर श्रीराम चौक रोटरी स्कूल में आयोजित चार दिवसीय 24 कुंडी गायत्री महायज्ञ में शामिल होकर परमपूज्य श्रीश्री आचार्य राम तपस्या यादव जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, उनकी पत्नी सह डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने यज्ञशाला का पंचकर्मा कर पूजा अर्चना की। पर्यावरणविद कौशल, मुखिया पूनम और यज्ञ के आयोजक धीरज गुप्ता ने यज्ञ में पहुंचे श्रद्धालुओं को थाईलैंड का बारहमासी आम, हिमाचल का कपूर, कर्नाटक का चंदन, केला, समी, बरगद, पीपल और आंवला का पौधा वितरित किया। श्रद्धालुओं को पौधा देते हुए कहा कि यज्ञ का प्रासाद खाने से उनके परिजनों का तन- मन शुद्ध हो जाता है। यज्ञ के हवन से ब्रह्मांड और पर्यावरण धर्म के तहत पौधा रूपी प्रसाद को लगाने एवं दान करने से आने वाली पीढ़ी तक स्वस्थ व सुरक्षित हो जाता है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस तरह देश के बड़े संत-महात्मा जनकल्याण व धर्म प्रचार के लिए यज्ञ कराते हैं उसी तरह वे प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद जगहों पर बड़ा आयोजन कर पौधरोपण करते हैं। तभी लोगों को प्रदूषण नामक शत्रु से मुक्ति मिलेगी। वहीं यज्ञ में हवन के लिए उसी माध्यम से लकड़ी मिल पाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हवन कुंड से निकली धुंआ से न सिर्फ कई बीमारियों व विषाक्त जीवाणुओं से मुक्ति मिलती है, बल्कि प्रदूषण से भी निजात मिलती है। पर्यावरणविद ने कहा कि लोगों को अपने जीवन के हर क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष पौधा लगाना और यज्ञ करना अपने रूटीन में शामिल करना चाहिए। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि यज्ञ का धुंआ और पौधा लगाने से प्रदूषण से मुक्ति मिलती है। हमारी परंपरा रही है कि पहले के राजा महाराजा संत महात्मा के माध्यम से यज्ञ करवाते थे और बगीचा लगाते थे। पर्यावरणविद के निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण कार्यों की आचार्य श्री राम तपस्या जी और यज्ञ के आयोजन धीरज प्रसाद गुप्ता ने भूरी भूरी प्रशंसा की और महान सेवक बताया। इस मौके पर हरिद्वार शांतिकुंज से आए डॉ डी पटेल, अर्पित पांडेय, पवन कुमार और इस यज्ञ के आयोजक धीरज कुमार गुप्ता, रामजी गुप्ता, गणेश प्रसाद, नारायण कुमार, मनोज कुमार, अर्जुन यादव, घनश्याम गुप्ता, दीपक कुमार, सरजू प्रसाद, अरविंद गुप्ता, मीना गुप्ता आदि थे।

## सरैया में सहायक शिक्षक पर लगा पीपरा में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने का आरोप

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा थाना क्षेत्र के सरैया पंचायत अंतर्गत कलीपुर प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक धनंजय सिंह पर एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। इसे लेकर पीड़िता के पिता ने शुक्रवार को पीपरा थाने में लिखित शिकायत की है। वहीं सूचना के बाद पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। जानकारी के अनुसार छात्रा का आरोप है कि शुक्रवार को विद्यालय के समय में सहायक शिक्षक धनंजय सिंह छात्रा को पानी लेकर बुलाया और उसके साथ छेड़छाड़ की। जिसके बाद नाबालिग रोते हुए अपने पिता को आपबीती सुनाई। वहीं पिता ने गांव वालों को कहा और गांव वालों के साथ विद्यालय में पहुंच कर हो हंगामा करने लगे। इसकी सूचना के बाद विद्यालय पहुंच कर पुलिस ने सहायक शिक्षक से पूछताछ के लिए थाना ले गई। इस संबंध में पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता ने उसके बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने का लिखित शिकायत किया है। मामले की जांच की जा रही है। उधर, कलीपुर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष राय ने बताया कि सहायक शिक्षक पर लगे सभी आरोप बेबुनियाद है। शिक्षक राजनीति का शिकार हो रहे हैं।

## पशु तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी पुलिस ने पशु तस्कर के खिलाफ बड़ी करवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को 115 पशु सहित आठ पशु तस्कर को गिरफ्तार कर मेदिनीनगर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही पशुओं को ग्रामीणों के बीच आधार कार्ड लेकर वितरण कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली थी कि रन्नेभरी के रास्ते बड़ी संख्या में पशु ले जाया जा रहा है। उनके निर्देश पर प्रशिक्षु एसपी गौरव गोस्वामी और थाना प्रभारी उत्तम तिवारी के नेतृत्व में छापामारी टीम गठन किया गया। इस दौरान पांकी पुलिस ने भरी में बड़ी संख्या पशु ले जाते देखा, पुलिस को देखते ही पशु तस्कर भागने लगा। पुलिस बल ने घेरा बंदी कर पशु को जब्त कर लिया और पशु तस्कर को दौड़ाकर आठ पशु तस्कर को दबोच लिया गया। जबकि पांच तस्कर भागने में सफल रहे। पकड़े गए तस्कर धवाडीह निवासी युशूफ अंसारी,कलीम मियां, इद्रीस अंसारी, कसमार निवासी असगर अंसारी,सफीक मियां,करमा निवासी करीम अंसारी, शमशेर अंसारी,चांपी निवासी उस्मान मियां, पांकी थाना कांड संख्या 38/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मेदिनीनगर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। नामजद अभियुक्त तरहसी थाना अंतर्गत गुरहा निवासी पप्पू खान उर्फ इबरार खान,अनीश अंसारी, जमुने निवासी अरमान मियां, धवाडीह निवासी अजीम अंसारी, हवीबबुल्लाह मियां सहित सभी को गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।

# हैदरनगर में बाबूलाल मरांडी की जनसभा सात को

**तैयारियों को लेकर भाजपा नेताओं ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** शहर के जेपी चौक के समीप पूर्व उपप्रमुख यमुना सिंह के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान रविवार को हैदरनगर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर रुपरेखा तैयार की गई। बैठक की समीक्षा कर रहे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह व रामप्रवेश सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद विधानसथभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षों के अलावे कुल 341 बूथों के कार्यकर्ताओं को विभिन्न माध्यमों से सूचना दे दी गई है। कहा कि हरिहरगंज, पिपरा, उर्दवार, हुसैनाबाद शहरी व ग्रामीण, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के मंडल अध्यक्षों ने 200 से अधिक वाहनों से ग्रामीण व समर्थक को इस चुनावी जनसभा में लाने का संकल्प लिया है। बैठक में शामिल उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, नीरज कुमार सिंह, उमेश चंद्र शिव, बल्लू बलराम, अजय प्रसाद गुप्ता, संजय मेहता सहित अन्य मंडल अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं ने हैदरनगर हाईस्कूल मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल का जाएजा लेने के बाद कहा कि आगंतुकों के लिये भीषण गर्मी को देखते हुए समूचित पेयजल व आपातकलीन चिकित्सा सेवा बहाल रहेगी। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ अजय जयसवाल, रणविजय सिंह, सरयू प्रसाद गुप्ता आदि शामिल थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन पर तीव्र गति से हुई कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद अपने कार्य क्षेत्र व जिम्मेवारी के प्रति सदैव गंभीर रहा है। जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र लक्ष्य के अनुरुप कार्यालय को आवेदन प्राप्त होते ही जांचों परांत निर्गत किया जा रहा है। नगर परिषद से जुड़े किसी भी तरह के कार्यों के लिए लोगों को भटकने की जरूरत नहीं है। लोग आकर अपनी के समस्याओं को चिंहित कर कार्यालय में आवेदन दे। उसे नगर परिषद एक टीम गठित कर जांच कराते हुए दूर करने का हर संभव प्रयास करेगा। उक्त बातें विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कही। वे शुक्रवार को कार्यालय परिसर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया था। जिसके तहत नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में शिविर लगाए गए थे। जहां लोगों से उनकी जरूरत व क्षेत्र से लोगों की समस्यायों से जुड़े आवेदन लिए जा रहे थे। अब वहीं जन्म प्रमाण पत्र तीन गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि प्राप्त सभी आवेदन की जांच कराते हुए टीम बनाकर कार्य संपादित किया गया। वर्तमान समय में कोई भी आवेदन कार्यालय में लंबित नहीं है। आगे भी जरूरत समझ सभी कार्य तीव्र गति संपादित किए जाएंगे। बताया कि नगर परिषद से जुड़े सभी तरह के कार्य किए जा रहे हैं। लोगों को भटकने की जरूरत नहीं केवल आवेदन कार्यालय में जमा करें।

# आजिविका सखी मंडल की महिलाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान। इन नारे के साथ हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सरसोत आजिविका सखी मंडल की महिलाओं ने शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जिसकी शुरूआत राजकीय मध्य विद्यालय सरसोत से हुई। जिसमें सखी मंडल की महिला, छात्र और शिक्षक भी शामिल हुए। इस दौरान महिलाओं और छात्र-छात्राओं ने हाथ में तख्तियों को लेकर देश की विकास में अपना योगदान दें, हर हाल में करना अपना मतदान आदि नारों के साथ गली मुहल्लों में घूम-घूम कर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। सरसोत की सक्रीय महिला ममता देवी ने बताया कि जेएसएलपीएस हरिहरगंज प्रखण्ड कार्यालय के आदेशानुसार शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से पुरुष-महिला और युवाओं को मतदान करने के मायने बताए गए। इस दौरान ग्रामीणों को वोट की महत्त्व बताने के साथ ही ग्रामीणों को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर वोट करने की भी अपील की गई। रैली में प्रधानाध्यापक अर्जुन राम, शिक्षक विकाश पांडेय, प्रदीप कुशवाहा, नविन कुमार, करूणा निधि, रामबिहारी राम आदि शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## हुसैनाबाद ईदगाह कमेटी की बैठक ईद की नमाज के लिए समय निर्धारित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** ईद-उल फितर की नमाज के समय के निर्धारण के लिए शहर के शुक्रवार को गुलाम मोहम्मद अमीन अली खान के आवास पर ईदगाह कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान और संचालन पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की ईद-उल-फितर की नमाज ईद का चांद देखने की पुष्टि के बाद हुसैनाबाद ईदगाह में बगैर किसी इंतजार के सुबह 7.45 बजे अदा की जाएगी। साथ ही नूरी मस्जिद चिकटोली एवं जमा मस्जिद राजटोली में सुबह आठ बजे व इमामुनब्बी मस्जिद इस्लामगंज में 8.15 बजे नमाज अता की जाएगी। ईदगाह कमेटी के लोगों ने नमाज अदा करने वालों से अपील की है कि निर्धारित समय पर पहुंच कर नमाज अदा करें। इसके बाद गुलाम मोहम्मद अमीन अली खान की ओर से एक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें एजाज हुसैन, फैज कादरी, गुलाम मोहम्मद, अमीन अली खान, डॉक्टर नादिर रिजवी, मसरूर अहमद, जुबैरआलम, सैयद फिरोज, तकी रिजवी अब्बास कादरी, सद्दाम कादरी, मसरूर अहमद, समीम अहमद, फैज कादरी कादरी, शहादत हुसैन रेयाजुद्दीन खान उर्फ पुन्नू खान, परवेज अंसारी, जहीर अंसारी, मुहम्मद शमशेर उर्फ शेट्टी, सैफ गजल, क्याममुद्दीन अंसारी, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी आदि शामिल थे।

## अदा की गयी जुम्मे की अलविदा नमाज



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड के करमा स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार को रमजान के आखिरी जुम्मे की नमाज अता की गई। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग जामा मस्जिद में नमाज अदा कर अमन चैन और गांव की खुशहाली की दुआ मांगी। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता जुमन मियां ने बताया कि रमजान का महीना चल रहा है और आज आखिरी जुम्मे की नमाज अदा की गई है, हम सबों ने अपने गांव की खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी। अब चांद देखकर ईद मनाया जाएगा। मौके पर तबरेज अंसारी, व्यवसायी शमशाद अंसारी, कुतुबुद्दीन, सरवर, नौशाद अहमद जफर आदि उपस्थित थे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से बच्चे के दोनों पैर कटे



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** मालगाड़ी की चपेट में आने से एक नाबालिक लडकी के दोनों पैर कट गये। घटना शुक्रवार की शाम पांच बजे की बताई जा रही है। घायल नाबालिका की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार करकट्टा गांव निवासी मनोज पाल की बेटी दीपिका कुमारी (8) अपनी मां के साथ सिगसिगी में चल रहे महायज्ञ देखने आई थी। घर वापस जाने के लिए वह रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। तभी दीपिका एक मालगाड़ी की चपेट में आ गई। जिससे उसके दोनों पैर कट गये। घायल अवस्था में उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## स्पोर्ट्स



**मुंबई इंडियंस के बैट्समैन सूर्यकुमार यादव आइपीएल 2024 में टीम के लिए खेलने को तैयार हैं। सूत्रों की मानें तो नेशनल क्रिकेट एकेडमी ने सूर्यकुमार यादव को फिट बताया है। वह शुक्रवार को मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ चुके हैं। उन्होंने इस दिम जमकर पसीना भी बहाया।**

# मुंबई इंडियंस के शिविर से जुड़े सूर्यकुमार यादव, टीम के साथ किया अभ्यास

## मुंबई इंडियन का अगला मुकाबला सात अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ

एजेंसी



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस (एमआइ) के बैट्समैन सूर्यकुमार यादव इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 में टीम के लिए खेलने के लिए तैयार हैं। यादव नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में रिहैब करने के बाद अब एमआइ के कैंप से जुड़ चुके हैं। सूर्या ने शुक्रवार को टीम के साथ अभ्यास भी किया। फिटनेस प्रॉब्लम के कारण सूर्या शुरूआती तीन मैच नहीं खेल सके थे। सूर्या ने इसी साल जनवरी में जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी कराई थी। सूर्या ने दूसरी बार ग्रोइन इंजरी की सर्जरी कराई, जिसके बाद वे बेंगलुरु स्थित एनसीए में रिहैब से गुजर रहे थे। मुंबई अपना अगला मुकाबला 7 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वानखेड़े में खेलेगी। हालांकि इस मुकाबले में सूर्या के खेलने पर संशय बना हुआ है। गौरतलब हो कि सूर्यकुमार यादव ने आइपीएल में अब तक खेले 139 मैचों में 143.32 की स्ट्राइक रेट से 3249 रन बनाए हैं। पिछले सीजन में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए खेले 16 मैचों में 43.21 की औसत से 605 रन बनाए थे।

### अंति मायदान पर एमआइ

वहीं, मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार यादव की गैरमौजूदगी में सीजन की शुरूआत ठीक नहीं मिली। उसे अब तक खेले तीनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पहले उसे गुजरात के खिलाफ अहमदाबाद और सनराइजर्स के खिलाफ हैदराबाद में हार का सामना करना पड़ा। आखिरी मुकाबले में टीम को उसी के घर यानी मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स ने 6 विकेट से हराया था।

# मस्जिद, मजार या इमामबाड़ा के आगे से होकर नहीं गुजरेगा रामनवमी का जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें सदस्यों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष भी श्री रामनवमी का अखाड़ा किसी मस्जिद, मजार या इमामबाड़ा के आगे से होकर नहीं गुजरेगा। ईद का त्योहार भाईचारा एवं सद्भावना के साथ मनाया जाएगा। पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीएसपी शंकर कामती ने आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखकर शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की। इस अवसर पर श्री रामनवमी अखाड़ा के लाइसेंसियों ने कई सुझाव रखे। सभी ने डीजे नहीं बनाने का निर्णय लिया। कहा कि ईद और रामनवमी में ऐसा कोई भी काम नहीं किया जाएगा, जिससे दूसरे की भावना आहत हो। पेयजल एवं बिजली अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई गई। बैठक में पूर्व प्रमुख डीएन सिंह, जिप सदस्य सोहराब अंसारी, बलराम साव, एजाज अहमद, लाइसेंसी पप्पू सिंह, लक्ष्मी नारायण गोस्वामी, शिशिर भगत, राजकुमार गिरि, अजय चौधरी, सुरेश भगत, अमरदीप सिंह, विपिन मंडल, संदीप विश्वकर्मा, भोला गुप्ता, विकास शाही, प्रकाश गोस्वामी, विश्वनाथ पाल, मिहिर मंडल, राजा दास, समरेश चौधरी, विश्वनाथ पाल, वीरेंद्र रजक, गब्बर अंसारी, जग्गू साव, विवेकानंद पांडेय, मुमताज अंसारी, कौशल कुमार, अशोक दत्ता, अरुण दसौंधी, मेराज अंसारी, पंकज सिंह, समरेश चौधरी, कृष्णा महतो, निर्मल कुंभकार, निरंजन गिरि, अनंत बर्मन, गोविंद राय, पशुपति मंडल, अयूब अंसारी, अख्तर अंसारी, राजेश शर्मा, मुन्ना खान, इब्राहिम अंसारी आदि मौजूद थे।

## सिंदरी में गठित इएलसी के छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** नगर निगम क्षेत्र के मतदाताओं को लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर शुक्रवार को बलियापुर बीडीओ के नेतृत्व में रांगामाटी मदर टेरेसा उच्च विद्यालय में गठित इएलसी के छात्र-छात्राओं की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर रांगामाटी आरएलएम टाइप, जय मातादी मंदिर होते हुए आइएम टाइप तक गयी।इस दौरान मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की गई। स्वीप पंपलेट, हैंडबील वितरित किए गए। रैली में नोडल पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षक, प्रधानाध्यापक, स्वीप टीम सहित सभी ईएलसी सदस्य ने भाग लिया। जागरूकता रैली के समापन के अवसर पर जय माता दी मंदिर के मैदान में छात्रों ने नुक्कड़ नाटक कर मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही समापन कार्यक्रम में विद्यालय की 10वीं की छात्रा खुशनुमा परवीन ने लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका पर सराहनीय वक्तव्य पेश किया। इस तरह का कार्यक्रम करने का एकमात्र उद्देश्य यह है कि मतदाता अपने अधिकार को समझें और अधिक से अधिक मतदान करें।

## रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मना



**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मानटाड़ रघुनाथपुर में रघुनाथ महतो स्मृति स्थल में शुक्रवार को चुहाड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो की 246वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। सर्व प्रथम उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। वक्ताओं ने उनकी जीवनी और संघर्षों को याद किया कि किस तरह तीर और धनुष से अंग्रेजों से लोहा लिया था। जबरदस्ती लगान वसूली के खिलाफ आपन देश आपन राज, दूर भगाओ विदेशी राज का नारा दिया और आजादी की पहली लड़ाई का शंखनाद किया था। मौके पर सरियान कडुआर, हिरालाल सांखुआर, स्वपन महतो, चौधरीचरण महतो, अवनीकांत महतो, कुमार सौरभ, प्रसन्नजीत महतो, जयमितन बानुआर, पवन महतो मौजूद थे।

## थापरनगर स्टेशन पर कुछ एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को लेकर सौंपा मांग पत्र



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के धनबाद जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने शुक्रवार को नयी दिल्ली राष्ट्रवादी कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केके शर्मा व प्रवक्ता बृजमोहन श्रीवास्तव से मिलकर धनबाद जिला के थापरनगर स्टेशन पर कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा। इसके बाद केके शर्मा ने तत्काल रेलमंत्री महाप्रबंधक कोलकाता एवं रेल प्रबंधक आसनसोल को पत्र देकर अविलंब कार्रवाई करने का पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा कि उमेश गोस्वामी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी धनबाद जिला अध्यक्ष द्वारा आपको कई बार पत्र लिखा गया है, लेकिन आपने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इस लिए अब पत्र को ध्यान रखते हुए उनकी मांगों पर विचार किया जाए और थापरनगर स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय, यात्री सेट, लाइट फटका फैक्ट्री से थापानगर स्टेशन तक सड़क की मरामाती शक्तिपुंज दुमका रांची, धनबाद-पटना इंटरसिटी, पाटलिपुत्र, कोलफील्ड, ब्लैक डायमंड, जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव की इजाजत दी जाए। अगर मांगों पर विचार नहीं किया गया तो लोकसभा चुनाव के बाद राष्ट्रवाद कांग्रेस पार्टी धरना प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव सच्चिदानंद सिंह भी उपस्थित थे।

### बीआइटी सिंदरी में मतदाता जागरूकता फोरम की कार्यशाला आयोजित

# 50 फीसदी से कम हुए मतदान केंद्रों पर मत प्रतिशत बढ़ाने पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त बलियापुर बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बीआइटी सिंदरी में मतदाता जागरूकता फोरम की बैठक सह कार्यशाला आयोजित की गयी। इसमें बीडीओ ने सभी प्राध्यापक, कर्मचारी, पदाधिकारी एवं विद्यार्थियों को बताया कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, इएलसी के युवा सदस्यों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना अपेक्षित है। विदित हो बीआइटी सिंदरी में मतदाता जागरूकता फोरम का गठन किया जा चुका है। इसी क्रम में इस दिन बैठक हुई। सभी कर्मचारी पदाधिकारी को अपना नाम मतदाता सूची में सत्यापन करने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में बताते हुए डाउनलोड कराया गया। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर घनश्याम ने नैतिक मतदान के महत्व को बताया। सभी से निष्पक्ष एवं निडर होकर मतदान में भाग लेने की अपील की। वहीं, बीडीओ ने बताया कि विगत संसदीय चुनाव 2019 में सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के 25 मतदान केंद्रों में 50 फीसदी से कम मतदान हुए थे। ऐसे क्षेत्रों में सघन जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराया जायेगा। मतदाता जागरूकता फोरम को क्रियाशील करते हुए इएलसी युवा मतदाता के माध्यम से क्षेत्र में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।



मतदाता जागरूकता फोरम की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी-लोग।

# ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने पकड़े मोबाइल बैटरी चोर गिरोह के तीन सदस्य, भेजे गये जेल

### लग्जरी कार से करते थे चोरी, आतंक से परेशान थीं टावर कंपनियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** धर्माांध ओपी पुलिस ने मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करनेवाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। इस दिन सिजुवा स्थित एसडीपीओ कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बाघमारा एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज ने चोरी की घटना का खुलासा किया। बताया कि गुरुवार की देर रात पकड़े गये आरोपियों द्वारा धर्माबांध ओपी क्षेत्र अंतर्गत ऊपर देवघरा बस्ती में लगे मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करने के लिए जैसे ही गेट को तोड़ने की कोशिश की तभी कंपनी के गेट में लगे एक उपकरण ने गेट खुलने का संदेश कंपनी के कर्मचारी के मोबाइल पर भेज दिया। इसके अलावे आसपास के ग्रामीणों संदेह होने पर तुरंत धर्माबांध ओपी पुलिस को इसकी सूचना दे दी गई। खबर पाते ही पुलिस घटनास्थल के लिए निकल गई, तभी चोरी करने आये अन्य सहयोगी साथी ने अपने साथियों को पुलिस के आने की खबर देकर वहां से भागने को कहा। इसके बाद सभी चोर एक कार में सवार होकर भागने की कोशिश करने लगे, तभी विपरीत दिशा से आ रही धर्माबांध पुलिस को चोरों ने देख लिया और उनका पीछा कर सभी को धर-दबोचा और थाने ले आई। उनकी पहचान धनबाद जिले के धनसार थाना स्थित गांधीनगर निवासी राजू मिश्रा (35), मनईटांड़ के बिट्टू गुप्ता (38) वर्ष और गांधीनगर निवासी गौतम सिंह (28) के रूप में हुई है। उनके पास से पांच मोबाइल फोन, कार, चार बैटरी, रेकटीफायर मशीन, रस्सा व एक साबल बरामद किया गया है। वहीं पुलिस की पूछताछ में सभी आरोपितों ने धनबाद जिले के अलग-अलग जगहों से बैटरी चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। जिस पर कांड संख्या 28/24 भादवि की धारा 379, 411, 34 तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। वहीं छापामारी दल में शामिल सदस्यों में पुअनि कमलेश कुमार (ओपी प्रभारी, धर्माबांध) आ मुकेश कुमार गुप्ता, आ नैनानंद कुमार शामिल थे।



पकड़े गये चोरों के बारे में जानकारी देते बाघमारा एसडीपीओ व अन्य।

# पूर्व ऊर्जा मंत्री को श्रद्धांजलि देने उमड़ी लोगों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के प्रथम ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का पार्थिव शरीर जैसे ही रांची से डुमरी अनुमंडल कार्यालय परिसर पहुंचा वहां पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। फुलों से सजे शव वाहन में दिवंगत लालचंद महतो के साथ उनके परिजन व शुभचिंतक के साथ मंत्री बेबी देवी के पुत्र अखिलेश महतो राजू भी थे। उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं लोगों ने दिवंगत लालचंद महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, भाजपा नेता प्रशांत जायसवाल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पोरैया, मुखिया राजकुमार महतो, राजकुमार पांडेय, बरकत अली, कैलाश चौधरी, डेगनारायण महतो, भाजपा नेता प्रदीप साहू, कामाख्या गिरि, जदयू जिलाध्यक्ष त्रिभुवन दयाल, डुमरचंद महतो, बहुजन सदान मोर्चा के बैजनाथ महतो, झारखंड आंदोलनकारी राजकमल महतो, निर्मल महतो, अधिवक्ता अशोक कुमार जैन, छत्रधारी महतो, मुखिया जागेश्वर यादव, लालमणि साव, जगरनाथ ठाकुर, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि डुमरी सह आजसू जिला प्रधान सचिव छक्कन महतो, आजसू के डुमरी विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव यशोदा देवी, पंसस शंभुनाथ महतो, आजसू बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत गोविंद, सेवा भारती के उतरी छोटानागपुर प्रभारी नीलकण्ठ महतो, हिंद मजदूर किसान यूनियन के अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो, करमचंद महतो, रवींद्र महतो आदि थे।



### जिला कांग्रेस के जनता दरबार में शामिल हुए जिलाध्यक्ष

# बाघमारा की तरह धनबाद में आतंक नहीं फैला पायेंगे ढुल्लू महतो : संतोष सिंह

**धनबाद जिले में किसी के साथ अन्याय होने नहीं दिया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कतरास नगर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में शुक्रवार को जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह भी शामिल हुए। वहां पहुंचते ही कार्यकर्ताओं व मसर्थकों ने जिलाध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने जनता दरबार में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के आतंक एवं उनके द्वारा पीड़ित-प्रताड़ित लोगों से मिलकर उनकी व्यथा सुनी। संतोष सिंह ने कहा कि बाघमारा के आतंक को किसी भी कीमत में धनबाद जिले में कायम होने नहीं देंगे। कहा कि जिस जनता ने ढुल्लू महतो को वोट देकर जीताया और बाघमारा का विधायक बनाया वही उनकी जमीन-जायदाद को कब्जा करने में जुटा है। ऐसा कार्य निंदनीय है। कहा कि ढुल्लू महतो एक तरफ लूट खसोट कर रहे, तो दूसरी ओर दान पुन कर मसीहा बनने का दिखावा भी कर रहे हैं। उनके खिलाफ आवाज उठाने वालों से मारपीट की जाती है या उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा दिया जाता है। हमें ऐसे विधायक या सांसद नहीं चाहिए जो गरीबों को शोषण करते हैं। वहीं, लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने लोगों को आश्वस्त किया कि पार्टी हमेशा गरीबों के साथ रही है और आगे भी रहेगी। बाघमारा ही नहीं पूरे धनबाद में किसी भी गरीबों के साथ अन्याय होने नहीं देंगे। कहा कि धनबाद में ढुल्लू महतो की गुंडागर्दी कायम होने नहीं देंगे। धनबाद की जनता इस बार के लोकसभा चुनाव में उनके खिलाफ वोट कर खुद पर हुए हर एक अत्याचार का बदला लेगी। कार्यक्रम में कतरास नगर कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत पांडेय, बाघमारा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बलराम महतो, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अशोक लाल, जिप सदस्य राजेश राम, राजकुमार गंगाइच, महासचिव विनोद शर्मा और रोहित आदि उपस्थित थे।



कतरास में आयोजित जनता दरबार में लोगों के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सभी के सहयोग से ही खत्म किया जा सकता है बाल विवाह : शंकर रवानी




आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** स्वामी विवेकानंद सभागार सहयोगिनी बहादुरपुर में बाल विवाह के मुद्दे पर हितधारकों के साथ किशोरियों का नेतृत्व प्रशिक्षण का आयोजित हुआ। बोकारो बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि सभी के सहयोग से ही बाल विवाह पर अंकुश लगाना संभव है। समाज के स्टेकहोल्डर, शिक्षक, अभिभावक, आम ग्रामीण, पुलिस, प्रशासन, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को इस मुद्दे पर एकजुट होना होगा, तभी बाल विवाह पर अंकुश लगाया जा सकता है। उक्त अवसर पर बाल कल्याण समिति की सदस्य सह अधिवक्ता प्रीति प्रसाद ने कहा कि बोकारो जिला में बाल विवाह के खात्मे को लेकर बाल विवाह मुक्त अभियान जगह-जगह चलाया जा रहा है। जिसमें स्थानीय संस्थाओं और प्रशासन मिलकर कार्य कर रहे हैं। इससे बाल विवाह खात्मे की ओर बढ़ रहा है। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि लड़कियों का 18 वर्ष से पूर्व विवाह होने से बहुत सारी समस्याएं समाज में उत्पन्न हो जाती है। जिसको लेकर समाज और सरकार को व्यर्थ में ताकत लगाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सहयोगिनी की ओर से बोकारो जिले में बाल विवाह और किशोरी नेतृत्व को लेकर लगातार कार्य किये जा रहे हैं। इसके अच्छे परिणाम निकल कर आ रहे हैं। इस दौरान बाल विवाह मुक्त अभियान के जिला समन्वयक फुलेंद्र रविदास, कुमारी किरण, सूरजमानी देवी, मंजू देवी, पुष्पा देवी, रवि कुमार राय, प्रवीण कुमार, नीतू सिंह, पायल कुमारी, अभय कुमार सिंह, मोहमद हुसैन, गौतम सागर, सुचित्रा सिंह, अंजू देवी, सोनी देवी, पूर्णिमा देवी, अशोक कुमार महतो, अनिल हेंब्रम, रोहित ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : ग्रामीण



**धनसार (आजाद सिपाही)।** एना आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तार के कारण इंडस्ट्री कोलियरी के करीब 125 वर्ष पुराना काली मंदिर का अस्तित्व खतरे में आ गया है। लोगों के आस्था से खिलवाड़ बरदास्त नहीं किया जायेगा। उक्त बातें शुक्रवार को त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान इंडस्ट्री कोलियरी मंदिर परिसर में स्थानीय ग्रामीणों ने कहीं। वार्ता में एना परियोजना पदाधिकारी टी पासवान, आउटसोर्सिंग प्रबंधन के ओर से विशाल वाला, अभिषेक कुमार व ग्रामीणों की ओर से पूर्व पार्षद निरंजन कुमार, मुस्लिम पंचायत के अख्तर अंसारी, सोहराब अंसारी, पारस यादव सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। लोगों का कहना था कि परियोजना विस्तार करते हुए आउटसोर्सिंग कंपनी काली मंदिर के समीप अचानक कटिंग शुरू कर दिया है। जिससे दो दिनों से लोगों में आक्रोश था। काली मंदिर से बड़ी संख्या में लोगों की आस्था जुडी है। मंदिर को नुकसान पहुंचने का खतरा पैदा हो गया है। आउटसोर्सिंग कंपनी मंदिर के समीप कटिंग कार्य ना करें। जिस पर आउटसोर्सिंग प्रबंधन के ओर से उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि काली मंदिर से सुरक्षित दूरी पर कटिंग कार्य किया जा रहा है, इससे मंदिर को अभी तक कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। कुछ लोग मामले को बेवजह तूल देना चाह रहे हैं। इस दौरान गहमा गहमी के बीच करीब डेढ़ घंटे वार्ता हुई, जिसमें मंदिर की ओर परियोजना विस्तर नहीं करने पर तत्काल सहमति बनी। परियोजना पदाधिकारी टी पासवान ने कहा कि तत्काल मंदिर को नहीं हटाया जा रहा है। प्रबंधन ने स्थानीय लोगों की बात को गंभीरता से लिया है।

**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड, रौंची।**
**कृषि भवन, कौंके रोड़, रौंची, (कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)**
Email ID-ddhranchi@rediffmail.com\

**CORRIGENDUM**

With reference to the below mentioned RFP/RFE under various schemes of Directorate of Horticulture & National Horticulture Mission for FY 2024-25, due to certain unavoidable circumstances following amendments are being issued :

| Sl. | Tenter No. | Subject | PR No. | Existing Timelines (BID Submission) | Amended Timelines (BID Submission) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RFP/Horti /08/ 2023-24 | Setting up of Project Management Unit (PMU) to Provide Technical and Operational Support for Implementation of various schemes under Directorate of Horticulture/ State Mission for Jharkhand | 321953 | 05.04.2024 at 03.00 PM | 15.04.2024 at 03.00 PM |

Sd/-
Joint Director Horticulture
Jharkhand, Ranchi.

PR 323602 Agriculture(24-25)#D

JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & eGovernance, Govt. of Jharkhand) Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand Phone. 0651 – 2401044 & 2401067 eMail: japit_doit@rediffmail.com

**Corrigendum – I eTender Ref. No.: JAP-IT/HC/VMS-ePass/01/2024**
**PR No.: 322834 Information Technology (23-24):D**

During the discussion in the Pre-Bid meeting, it has been observed that survey of the site has to be done by the prospective bidder followed by the submission of solution documentation with PPT in JAP-IT office. In this circumstances, tender time schedule has to be revised and updated on eProcurement Portal. The proposed tender time schedule is as under:

| Sl. No. | Tender Schedule | Existing Time schedule | Revised Time schedule |
|---|---|---|---|
| i. | Start date and time of Online Bid Submission | From 06.04.2024 at 12:30 pm | From 22.04.2024 at 03:30 pm |
| ii. | Last date and time of Online Bid Submission | Latest by 22.04.2024 till 05:30 pm | Latest by 14.05.2024 till 05:30 pm |
| iii. | Technical Bid Opening | On 24.04.2024 by 03:00 pm | On 16.05.2024 by 03:00 pm |

This corrigendum i.e. "Corrigendum – I" in reference of eTender Ref. No.: JAP-IT/HC/VMS-ePass/01/2024 regarding "Selection of System Integrator (SI) / System Provider (SP) for 'Customization & Maintenance of VMS/ePass application and Installation of IoT Based Boom Barrier Solution along-with other IT Support Infrastructure in course of implementation of Visitor's Management System (VMS) i.e. ePass at Hon'ble High Court & different courts in the State of Jharkhand" may be downloaded from https://jharkhandtenders.gov.in and same is also available on https://jharkhand.gov.in & https://japit.jharkhand.gov.in.
Other terms & conditions remains same as per published RFP.

Sd/-
Officer on Special Duty,
JAP-IT, Ranchi

PR 323583 (Information Technology)24-25*D

## न्यूज रील्स

### बीजू जनता दल ने उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बीजू जनता दल (बीजेडी) ने 2024 चुनाव के लिए उम्मीदवारों की तीसरे चरण की सूची की घोषणा की है। इसी कड़ी में पार्टी ने इस बार 9 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की है। रेंगाली से सुदर्शन हरिपाल, राउरकेला से सारदा नायक, बीरमित्रपुर से रोहित जोसेफ तिर्की, क्योंझर से मीना माझी, रायरंगपुर से राइसीन मुर्मू, बालेश्वर से स्वरूप दास, बारबाटी कटक से प्रकाश बेहेरा, सालेपुर से प्रशांत बेहेरा और जयदेव से नबकिशोर मल्लिक को उम्मीदवारों कराया गया।

### आठमलिक विधायक रमेश साई ने बीजेडी से दिया इस्तीफा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अंगुल आठमलिक के विधायक रमेश साई ने गुरुवार को बीजू जनता दल (बीजेडी) को अलविदा कहा। पार्टी प्रमुख नवीन पटनायक को भेजे गए अपने त्याग पत्र में उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया। इस बार बीजेडी ने आठमलिक से नलिनिकांत प्रधान को मैदान में उतारा है। इसलिए कहा जाता है कि रमेश साई ने अपना इस्तीफा दे दिया है। केवल रमेश साई ही नहीं, पिछले 24 घंटों में 2 मौजूदा विधायकों सहित 6 वरिष्ठ नेताओं ने बीजेडी से इस्तीफा दे दिया।

# वेदांता एल्युमीनियम ने एल्युमिना रिफाइनिंग क्षमता को वार्षिक 3.5 मिलियन टन तक बढ़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने आज 3 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) एल्युमीनियम उत्पादन क्षमता के साथ शीर्ष 3 वैश्विक खिलाड़ियों में शामिल होने के अपने चल रहे विस्तार प्रयासों में एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की। 100% वर्टिकल इंटीग्रेशन हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में, कंपनी ने आज ओड़िशा के लांजीगढ़ में अपनी विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी में नये 1.5 एमटीपीए विस्तार के सफल कमीशनिंग की घोषणा की। इसके साथ, एल्यूमिना रिफाइनरी की उत्पादन क्षमता अब मौजूदा 2 एमटीपीए से बढ़कर 3.5 एमटीपीए हो गयी है। यह अतिरिक्त 1.5 एमटीपीए क्षमता कंपनी के बढ़ते एल्यूमीनियम उत्पादन का समर्थन करने के लिए लांजीगढ़ रिफाइनरी में कुल नेमप्लेट क्षमता को वर्तमान 2 एमटीपीए से 5 एमटीपीए तक ले जाने के लिए चल रहे विस्तार का एक हिस्सा है।

वेदांता एल्युमीनियम दुनिया में उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम उत्पादों की सबसे बड़ी रेंज में से एक पेश करता है, जिसमें भारत की पहली कम कार्बन 'ग्रीन' एल्युमीनियम रेंज, ब्रांडेड रेस्टोरा भी शामिल है। इन उत्पादों को ऑटोमोटिव, एयरोस्पेस, रक्षा, बुनियादी ढांचे, बिजली परियोजनाओं, इलेक्ट्रिकल्स और पैकेजिंग जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग मिलते हैं। कंपनी भारत में प्रीमियर स्मेल्टर ग्रेड एल्यूमिना (एसजीए) के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है, जो झारसुगुड़ा (ओड़िशा) और बाल्को (छत्तीसगढ़) में कंपनी के एल्यूमीनियम संयंत्रों के लिए एक प्रमुख कच्चा माल है।

वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ जॉन स्लेवेन ने कहा, हमें विस्तारित क्षमता को चालू करने में खुशी हो रही है जो हमारी कच्चे माल की सुरक्षा को मजबूत करती है और हमारे झारसुगुड़ा और बाल्को एल्युमीनियम स्मेल्टरों के लिए लागत कम करती है। यह 100% वर्टिकल एकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और वैश्विक एल्युमीनियम बाजार में स्थायी विकास के लिए हमें मजबूती से खड़ा करता है।

वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता लिमिटेड का व्यवसाय, भारत का सबसे बड़ा एल्यूमीनियम उत्पादक है, जो वित्त वर्ष 24 में भारत के आधे से अधिक यानी 2.37 मिलियन टन एल्यूमीनियम का उत्पादन करता है। यह मूल्यवर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में अग्रणी है जिनका प्रमुख उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग होता है। वेदांता एल्युमीनियम एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 विश्व रैंकिंग में प्रथम स्थान पर है, जो इसकी अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्युमीनियम स्मेल्टर, एल्यूमिना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ, कंपनी हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्यूमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

# लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए चार दिन की छुट्टी की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य सरकार ने 2024 के लोकसभा चुनाव और ओड़िशा विधानसभा चुनाव के लिए 4 दिन की छुट्टी की घोषणा की है। राज्य में जहां लोकसभा और विधानसभा दोनों के लिए चार चरणों में मतदान होगा, वहीं राज्य सरकार के कर्मचारियों और मजिस्ट्रेट स्तर के कोर्ट कर्मचारियों के लिए मतदान के लिए यह अवकाश घोषित किया गया है। जानकारी के मुताबिक, जिन संसदीय क्षेत्रों और उसके अधीनस्थ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होना है, वहां छुट्टी घोषित कर दी गयी है। पहले चरण में कलाहांडी, नबरंगपुर, ब्रह्मपुर और कोरापुट में 13 मई को मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में बरगड, सुंदरगड, बलांगीर, कंधमाल और आसाका में 20 मई को मतदान होगा, तीसरे चरण में संबलपुर, क्योंझर, ढेंकानाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर में 25 मई को मतदान होगा और मयूरभंज, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रापड़ा और जगतसिंहपुर में 1 जून को मतदान होगा । इसके लिए 4 दिन की छुट्टी की घोषणा किया गया ।

# चोरी हुआ बच्चा अपनी मां की गोद में लौट आया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** 'चोरी हुआ बच्चा अपनी मां की गोद में लौट आया है। रिपोर्ट के अनुसार, बच्चे के माता-पिता बालेश्वर बालियापाल आठवातिया के निवासी हैं। महिला ने एक सप्ताह पहले शिशु पुत्र को जन्म दिया था । लेकिन गुरुवार को प्रसूति वार्ड के बिस्तर से नवजात शिशु पुत्र को चुरा लिया गया , जब उसका पीलिया का इलाज चल रहा था। शिकायत के आधार पर, पुलिस ने मोबाइल फोन का ट्रैक कर पता लगाया और आरोपी के पास पहुंची और शिशु को उधार किया। सूचना मुताबिक बालेश्वर जिला मुख्य अस्पताल से चोरी हुए बच्चे को आज सुबह दुगार्पुर से बचाया गया। साथ ही पुलिस ने बच्चे को ले जाने वाली महिला को भी अटक रखा है। हालांकि, संबंधित महिला अपनी बेटी को एसएनसीयू में छोड़कर नवजात शिशु पुत्र को लेकर चली गयी थी। शिशु पुत्र के परिवार ने बालेश्वर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। आरोपी महिला अस्पताल में नहीं थी जबकि उसकी बच्ची का इलाज एसएनसीयू में चल रहा था। इसलिए पुलिस को उस पर शक हुआ और बालेश्वर पुलिस ने उसके मोबाइल को ट्रैक कर दुगार्पुर पहुंची और आज सुबह सुबह योजना के अनुसार, महिला के घर पर छापा मारा और बच्चे को उधार कर उसे अस्पताल ले आया। महिला को अटक रख कर पूछताछ की जा रही है।

# सम्मम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्कल प्रतिभा सम्मान से सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** डॉ श्वेतपद्मा दाश मुख्य कार्यकारी अधिकारी सम अल्टीमेट मेडिकेयर (सम्मम) को 1 अप्रैल को उत्कल दिवस के अवसर पर उत्कल प्रतिभा फाउंडेशन द्वारा 'उत्कल प्रतिभा सम्मान' से सम्मानित किया गया। डॉ दाश को स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। आपके अथक प्रयासों और उल्लेखनीय उपलब्धियों ने न केवल हमारे राज्य को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे देश में अनगिनत व्यक्तियों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया है, उत्कल प्रतिभा फाउंडेशन के अध्यक्ष और ओडीएम एजुकेशनल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक डॉ सत्यब्रत मिनकेतन ने अपने पत्र में उल्लेख किया।

# लुटेरों ने बोलेरो गाड़ी के साथ 14 लाख से अधिक नकदी लूट लिये



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ढेंकानाल कामाक्षानगर थाने के जिराल साप्ताहिक बाजार में लूटपाट। लुटेरों ने बम विस्फोट करने के साथ 2 राउंड ब्लैंक फायरिंग करके 14 लाख रुपये से अधिक नगद लूट लिये। साथ ही मवेशी व्यापारी की गाड़ी को भी ले गये। प्राप्त सूचनानुसारे जीराल के साप्ताहिक बाजार में मवेशी खरीदने के लिए मयूरभंज जिले के बडसाही इलाके से मवेशी व्यापारी आए थे। 3 बाइक पर 5 बदमाश आए और पहले गाड़ी में बैठे ड्राइवर और उसके साथी पर फायरिंग की। हालांकि किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन बदमाशों ने सीधे गाड़ी पर बमबारी कर दहशत फैला दी। बदमाशों ने बोलेरो गाड़ी में रखा हुआ रुपयों का बैग समेत बोलेरो गाड़ी को लूट ली। कामाक्षानगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# भुवनेश्वर का तापमान 44 डिग्री तक पहुंचा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य की राजधानी भुवनेश्वर में शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे तक तापमान 44 डिग्री तक पहुंचने के साथ भीषण गर्मी की स्थिति का अनुभव किया। हालांकि, मौसम विभाग ने शुक्रवार को भीषण गर्मी से राहत मिलने की पूवार्नुमान की है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी झड़ के प्रभाव से वायुमंडल में निम्न दबाव रेखा बनने की संभावना है और इस समय उच्च दबाव के प्रभाव से 7 और 8 तारीख को प्रदेश में व्यापक बारिश की संभावना है। 7 तारीख को विशेष रूप से उत्तरी ओडिशा में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। आंधी-तूफान के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

कुछ जिलों में भारी बारिश की संभावना है। 7 से 11 सेमी बारिश की संभावना है। अंगुल, नयागड, कटक, ढेंकानाल, जाजपुर में भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा आभ्यांतरिण ओड़िशा के बलांगीर, सोनपुर, क्योंझर, बौध, देवगड, संबलपुर में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गयी है। 8 तारीख को तटीय ओड़िशा में बिजली गिरने और गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। खासकर कटक और जाजपुर में भारी बारिश की आशंका के चलते पीली चेतावनी जारी की गई है। 6 तारीख की शाम से रात के बीच बारिश का असर शुरू हो जायेगा और दिन के तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट आयेगी। अधिकांश स्थानों पर गर्मी से राहत मिलेगी।

# वीके पांडियन को मुख्यमंत्री कार्यालय से हटाया जाना चाहिए : अनिल बिस्वाल

## आज तक मुख्यमंत्री कार्यालय में एक अधिकारी की भूमिका कैसे दी जा रही है?

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** 2004/2004 राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू है। सरकारी अधिकारी इस दौरान राजनीतिक कार्यक्रमों में सीधे भाग नहीं ले सकते हैं। वी. के. पांडियन वर्तमान मुख्यमंत्री के कार्यालय में अधिकारियों की सूची में वी.के. पांडियन नंबर 1 पर हैं जो एक बड़ा आश्चर्य है, यह जानकारी अभी भी मुख्यमंत्री कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पांडियन बाबू बीजेडी के नेता हैं। वह बीजेडी पार्टी के सभी राजनीतिक कार्यक्रमों का प्रबंधन कर रहे हैं, बीजेडी टिकट वितरण उनके निर्देशन में किया जा रहा है, पांडियन बाबू वर्तमान में बीजेडी को नियंत्रित कर रहे हैं। यह आश्चर्य की बात है कि आज तक वी.के. पांडियन को मुख्यमंत्री कार्यालय में एक अधिकारी के रूप में काम दिया जाता है। क्या सरकार को नहीं पता कि पांडियन नेता हैं या अधिकारी? यदि पांडियन अधिकारियों की सूची में नंबर 1 पर हैं, तो क्या वह आचार संहिता लागू होने तक सत्तारूढ़ दल के राजनीतिक कार्यक्रम में बने रह सकते हैं ? कुछ दिन पहले चुनाव आयोग ने 5 आईपीएस अधिकारियों और 2 आईएएस के खिलाफ कार्रवाई की थी। प्रवक्ता अनिल बिस्वाल ने कहा कि अब प्रमुख शासन सचिव चुनाव आयोग के नियमों का पालन करते हुए वी के पांडियन को तत्काल 5टी अधक्ष के पद से हटाया जाना चाहिए और उनके खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जानी चाहिए। बिस्वाल ने कहा कि ओड़िशा में स्वतंत्र, निष्पक्ष और निरपेक्ष चुनाव में मुख्य प्रशासनिक सचिव की बड़ी भूमिका है। ओड़िशा शायद एकमात्र ऐसा राज्य है जहां एक व्यक्ति अधिकारी और नेता दोनों है जो सभी राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेता है। चुनावी आचार संहिता का इतना बड़ा उल्लंघन पहले कभी नहीं हुआ। एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव प्रबंधन में एक अधिकारी के शामिल होने के कारण उनका चुनाव अमान्य कर दिया गया और देश में आपातकाल लगा दिया गया। अब ओडिशा में इंदिरा गांधी की आपात स्थिति का प्रकरण दोहराया जाने वाला है। हाल ही में, राज्य के प्रमुख आरटीआई कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाया कि 74 पुलिस अधिकारी पांडियन बाबू के बचाने में क्यों काम कर रहे थे। लेकिन बड़ी हैरानी की बात यह है कि पांडियन बाबू खुद इस घटना पर चुप थे जबकि भुवनेश्वर पुलिस ने खुद उनके तरफ से मुकदमा दायर किया है। लोकतंत्र में सच्चाई का सामना करना पड़ता है।

# खोरधारोड : 67वें अखिल भारतीय रेलवे टी-20 पुरुष क्रिकेट चैंपियनशिप का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड की मेजबानी में चल रही 67वीं अखिल भारतीय रेलवे टी-20 पुरुष क्रिकेट चैंपियनशिप (एलिट पूल-ए) 2023-24 का समापन हो गया । मेट्रो रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्व तट रेलवे ने पटियाला में होने वाले नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाईड हुए। एलीट पूल - ए मैच 30.03.2024 को शुरू किया गया था। अंतिम दिन, पहला मैच दक्षिण पूर्व रेलवे और मेट्रो रेलवे कोलकाता के बीच आयोजन किया गया था । मेट्रो रेलवे ने यह मैच 7 विकेट से जीता। मेट्रो रेलवे, कोलकाता के सौरभ सिंह मैन ऑफ द मैच बने। दूसरा मैच पूर्व तट रेलवे और दक्षिण पूर्व सेंट्रल रेलवे के बीच हुआ । पूर्व तट रेलवे ने यह मैच 10 रन से जीता । पूर्व तट रेलवे के सूर्यकांत प्रधान मैन ऑफ द मैच बने। तीसरा मैच पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के बीच हुआ। पूर्वोत्तर रेलवे ने 15 रन से मैच जीता। पूर्वोत्तर रेलवे के शिव राठी मैन ऑफ द मैच बने।

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION

Franchise Benefit
☑ All Computer Courses
☑ Vocational Courses
☑ Authorization Letter
☑ Authorization Certificate
☑ Web Login ID & Password
☑ Study Material Support
☑ PDF Certificate in 24 Hrs
☑ Hard Copy Certificate & Mark sheet
☑ Students Placement Support
☑ Marketing Support
☑ Online & Offline Certificate
☑ Yearly Career Guidance
☑ Seminar in your City

FREE FRANCHISE

Certified with

For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908

Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com

Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908

Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045

Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

S M Toy & School Furniture

Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

एक बार जरूर पधारे

Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

बोरिंग के लिए संपर्क करे

जल ही जीवन

993106883
9113754813

रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में

Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

आवश्यकता

रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है

संपर्क करें -

मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,

Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

कृष्णा ज्वेलर्स

Mob : 9973853279, 9031249105

समस्या है तो ! समाधान भी है !

आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची

गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION

Creating Path Towards Success

BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation

ADMISSION OPEN

Upto 100% SCHOLARSHIP

ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass

Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**